RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 184 | सीकर, गुरुवार 03 सितम्बर 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# विधायक भाम्बू के दामाद का टिकट बना भाजपा की मुसीबत

## वार्ड 49 में कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

**बगावत** मन्नू धनकड़ को मिला टिकट, नामांकन वापस नहीं हुआ तो निर्दलीय को समर्थन की चेतावनी, अन्य वार्डों में भी विरोध का ऐलान



सपना शर्मा

झुंझुनूं (नवयत्न)। नगर निकाय चुनाव में टिकट वितरण के बाद भाजपा के भीतर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। बुधवार को शहर के गणेश मंदिर के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेसवार्ता कर स्थानीय कार्यकर्ताओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया हैं। सबसे ज्यादा विरोध वार्ड नंबर 49 को लेकर है। उनका आरोप है कि भाजपा ने स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू के दामाद मन्नू धनखड़ को टिकट दिया हैं, जबकि धनखड़ का वार्ड से सीधा जुड़ाव नहीं हैं। कार्यकर्ताओं ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से साफ कहा कि नामांकन वापसी के समय से पहले हस्तक्षेप कर नामांकन वापस लिया जाए। ऐसा नहीं होने पर स्थानीय कार्यकर्ता भाजपा के पैराशूट उम्मीदवार के खिलाफ मोर्चा खोलेगा। कार्यकर्ताओं का आरोप हैं कि वार्ड 49 पुराने शहर का मूल ओबीसी वार्ड है। यहां लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे स्थानीय कार्यकर्ताओं और टिकट के दावेदारों की अनदेखी कर बाहरी उम्मीदवार को टिकट दिया गया है। कार्यकर्ताओं ने ऐसे उम्मीदवारों को पैराशूट उम्मीदवार बताते हुए कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में स्थानीय व्यक्ति को ही मौका मिलना चाहिए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि भाजपा का मजबूत आधार उसके स्थानीय कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ता वर्षों से पार्टी के लिए बूथ स्तर पर काम करते हैं और चुनाव के समय उन्हें ही टिकट से दूर कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में स्थानीय लोगों की भावनाओं और कार्यकर्ताओं की राय को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। वार्ड 49 में टिकट को लेकर सामने आए इस खुले विरोध से भाजपा के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब नामांकन वापसी के दौरान पार्टी नेतृत्व नाराज कार्यकर्ताओं को मना पाता है या नहीं, यह देखने वाली बात होगी। प्रेसवार्ता में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन पुजारी, पूर्व पार्षद राकेश सहल, एडवोकेट प्रदीप शर्मा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र ठठेरा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विनोद चौहान, प्रभु ठठेरा, नरेश टेलर, इलियास, मुन्ना स्वामी, सुशील कुमावत, महेंद्र सैनी, योगेश चौमाल, भरत शर्मा, हरिकिशन शुक्ला, अनिल जोशी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नामांकन वापस लेने की मांग**-प्रेसवार्ता में कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेतृत्व से वार्ड 49 के टिकट पर पुनर्विचार करने की मांग की। उन्होंने प्रत्याशी मन्नू धनकड़ से भी नामांकन वापस लेने का आग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अभी नामांकन वापसी का समय है, इसलिए पार्टी नेतृत्व इस मामले में हस्तक्षेप कर कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करे।

**नामांकन वापस नहीं हुआ तो निर्दलीय को समर्थन**-कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि धनकड़ का नामांकन वापस नहीं लिया गया तो वार्ड 49 में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के बजाय किसी स्थानीय निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नजरअंदाज कर चुनाव जीतना आसान नहीं होगा।

**अन्य वार्डों में भी विरोध की चेतावनी**-कार्यकर्ताओं ने कहा कि विरोध सिर्फ वार्ड 49 तक सीमित नहीं है। जिन अन्य वार्डों में स्थानीय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर पैराशूट उम्मीदवारों को टिकट दिए गए हैं, वहां भी विरोध किया जाएगा। अगर पार्टी ने नाराजगी दूर नहीं की तो संबंधित वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया जा सकता है।

# राममंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा

## चंपत राय की जगह गोविंद देव गिरि महासचिव बने; ट्रस्ट में 3 नए सदस्य शामिल

अयोध्या।

पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ होंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बुधवार को इसका ऐलान किया। मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर में पश्चिमी वायु कमान को लीड किया और एयरफोर्स में 39 साल काम किया।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि को नया महासचिव बनाया गया है। बैठक में ट्रस्टी बनाए गए महेश भागचंदका को कोषाध्यक्ष का चार्ज दिया गया। नए सीईओ और कोषाध्यक्ष महासचिव गोविंद देव गिरि को ही रिपोर्ट करेंगे।

ट्रस्ट में दिल्ली के महेश भागचंदका समेत 3 नए सदस्य भी बनाए गए हैं। इनमें अयोध्या के एडवोकेट मदन मोहन पांडेय और आरएसएस समर्थक शिकोहाबाद की निर्मला यादव शामिल हैं। निर्मला यादव ट्रस्ट की पहली महिला ट्रस्टी होंगी। यह बदलाव मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामला सामने आने के 3 महीने के बाद हुआ। इस मामले में 8 आरोपी जेल में हैं। इसके बाद 2 जुलाई को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद रिटायर्ड ब्लूरस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया था। वह 58 दिनों तक पद रहे।

### जीतेंद्र मिश्रा ही क्यों बनाए गए सीईओ

**ऑपरेशन सिंदूर में हीरो इमेज:** जीतेंद्र मिश्रा ऑपरेशन सिंदूर में वेस्टर्न एयर कमांड के प्रमुख थे। उन्हें इस भूमिका के लिए सर्वोच्च युद्ध सेवा मेडल भी मिला।

**यूपी से कनेक्शन:** वे देवरिया, उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। यानी राम मंदिर ट्रस्ट के सीईओ की नियुक्ति में उनका यूपी कनेक्शन भी है।

**सैन्य अनुभव का इस्तेमाल:** करीब 40 साल वायुसेना में रहे और कई महत्वपूर्ण कमांड संभाले। ऐसे में मंदिर के बढ़ते प्रशासन, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और बड़े स्तर के ऑपरेशनल कामकाज के लिए उनका सैन्य प्रशासनिक अनुभव महत्वपूर्ण माना जा सकता है।

**ब्राह्मण चेहरा**- यूपी में करीब 13% आबादी ब्राह्मणों की है। जीतेंद्र मिश्रा इसी वर्ग से आते हैं। प्रदेश में सरकार बनाने में



ब्राह्मण वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

# चांदी 2 दिन में 8803, सोना 2652 सस्ता

## कच्चे तेल की कीमत में तेजी और पीएम मोदी की सोना न खरीदने की अपील का असर



**नई दिल्ली.** सोने-चांदी के दाम में 2 सितंबर को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,999 रुपए गिरकर 1.51 लाख रुपए हो गई है। एक किलो चांदी की कीमत आज 2,023 रुपए गिरकर 2.28 लाख रुपए पर आ गई है। पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के बाद 2 दिन में ही चांदी करीब 8,803 और सोना 4,651 रुपए सस्ता हो चुका है। कल सोना 2,652 रुपए और चांदी 6,780 रुपए सस्ती हुई थी। मार्केट एक्सपर्ट अनुज गुप्ता के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी की अपील के चलते सोने की कीमत पर दबाव देखने को मिल रहा है। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमत में तेजी के कारण भी सोने और चांदी में गिरावट आई है।

# नेपाली पीएम संसद में बोले- भारत को धन्यवाद

## कहा- सही समय पर पड़ोसी देशों ने मदद पहुंचाई; 7 दिन में 1200+ मौतें

काठमांडू।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बाढ़ राहत और बचाव कार्यों में मदद के लिए संसद में भारत और चीन को धन्यवाद दिया। बुधवार को संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी देशों ने समय पर राहत सामग्री, तकनीकी टीमें और आपात मदद भेजी। भारत ने राहत सामग्री की पांचवीं खेप भेजी है। भारतीय टीमें सुरंगों में सर्च ऑपरेशन और शवों की पहचान में मदद कर रही हैं। वहीं, चीन ने ग्यिरोंग बॉर्डर तक जाने वाला हाईवे खोल दिया है, जिससे राहत दल प्रभावित इलाकों तक पहुंच रहे हैं। बाढ़ से अब तक कुल 1,225 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें नेपाल में 1,204 और तिब्बत में 21 लोगों की जान गई है। वहीं, 4700 से ज्यादा लोग लापता हैं। कई हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स के कर्मचारी भी गायब हैं। आशंका है कि कुछ लोग अब भी सुरंगों में फंसे हो सकते हैं।

### नेपाल में मौत का आंकड़ा बढ़कर 1204 हुआ, तिब्बत में 21

नेपाल में मौत का आंकड़ा फिर बढ़ गया है। बुधवार शाम 6 बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक केवल नेपाल में ही 1204 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, तिब्बत में अब तक 21 मौतें हुई हैं।



### नेपाली पीएम बोले- जलवायु परिवर्तन से हिमालय में खतरा बढ़ा

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में आई बाढ़ को हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते जलवायु खतरों की गंभीर चेतावनी बताया। संसद को संबोधित करते हुए शाह ने बुधवार को कहा कि एक्सपर्ट्स के मुताबिक ऊंचे हिमालयी इलाके में बर्फ और चट्टानों का बड़ा हिस्सा टूटने से यह आपदा आई। इससे साफ है कि जलवायु परिवर्तन के साथ हिमालयी क्षेत्र में आपदाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। शाह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया की गतिविधियों का नतीजा है। इसलिए इसके असर को कम करना और इससे पैदा होने वाले खतरों से निपटना भी पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

### चितवन में नारायणी और त्रिशूली नदियों का जलस्तर बढ़ा

नेपाल में बाढ़ के बाद चितवन में नारायणी (गंडक) और त्रिशूली नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है। बुधवार, 2 सितंबर को इन नदियों का एरियल व्यू सामने आया, जिसमें बाढ़ के बाद इलाके में फैली तबाही साफ दिखाई दे रही है।

# भारत में होगी पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी

**दुबई।** पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी भारत में खेली जाएगी। आईसीसी ने बुधवार को इस पर मुहर लगा दी है। छह टीमों का यह टूर्नामेंट 14 से 28 फरवरी 2027 तक मुंबई और वडोदरा में खेला जाएगा। टी-20 फॉर्मेट में होने वाली इस टूर्नामेंट की मेजबानी श्रीलंका को मिली थी। आईसीसी ने 30 अगस्त को श्रीलंका से मेजबानी छीन ली थी। आईसीसी ने आरोप लगाया था कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में वहां की सरकार का दखल है। श्रीलंका से मेजबानी छिनने के बाद टूर्नामेंट कराने के लिए बांग्लादेश, भारत और साउथ अफ्रीका ने दावा किया था। आईसीसी ने तय मानकों के आधार पर भारत के प्रस्ताव को मंजूरी दी।



आईसीसी ने कहा, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड जुलाई में आईसीसी की एनुअल कॉन्फ्रेंस में बताए गए सुधार कर रहा है। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका खेलेंगी। इन सभी टीमों ने 6 जुलाई की कटऑफ तारीख पर आईसीसी महिला टी-20 इंटरनेशनल टीम रैंकिंग में अपनी स्थिति के आधार पर क्वालिफाई किया है।

**नवयत्न** | **कोबरी पोस्ट**




# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघ के हमले से महिला श्रमिक की मौत

## एंक्लोजर में घास काटने और सफाई के दौरान हुआ हादसा

### छह महिलाओं ने भागकर बचाई जान, लापरवाही के आरोप में प्रभारी निलंबित



निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बुधवार सुबह बाघ के हमले में महिला श्रमिक की मौत हो गई। हादसा एंक्लोजर नंबर 16 के पास हुआ। घटना के समय सात महिला श्रमिक घास काटने और सफाई का काम कर रही थीं। इसी दौरान बाघ एंक्लोजर से बाहर निकलकर महिलाओं के नजदीक पहुंच गया। महिलाओं ने पेड़ और सुरक्षा जाल पर चढ़कर जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन नांगल सुसावतान निवासी सुगना देवी बाघ की चपेट में आ गई। बाघ ने उसे झपटकर नीचे गिराया और हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाघ को तत्काल काबू कर वापस पिंजरे में बंद किया गया।

### बिना देखे गेट खोलने का आरोप

मृतका की बहन और मौके पर मौजूद अन्य महिलाओं ने आरोप लगाया कि वे करीब आठ वर्ष से यहां काम कर रही हैं। सामान्य तौर पर उन्हें सुबह 9 बजे काम के लिए बुलाया जाता था, लेकिन बुधवार को सुबह 8 बजे ही बुला लिया गया था। करीब 9 बजे अचानक बाघ दिखाई दिया। सुगना देवी घास पटककर जान बचाने के लिए अन्य महिलाओं की ओर दौड़ी। छह महिलाएं रेलिंग के जाल और तारों के ऊपर चढ़कर किसी तरह सुरक्षित निकल गईं। सुगना भी जाल पार करने का प्रयास कर रही थी, तभी पीछे से बाघ ने उसे झपट लिया। महिलाओं का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात वनकर्मी हंसा देवी ने बिना स्थिति देखे बाघ का गेट खोल दिया, जिसके कारण बाघ खुले एंक्लोजर तक पहुंच गया। हालांकि, घटना की वास्तविक वजह और सुरक्षा व्यवस्था में चूक की स्थिति



जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

### प्रभारी निलंबित, एसीएफ स्तर के अधिकारी को जांच सौंपी

नाहरगढ़ जैविक उद्यान में बाघ के हमले से महिला श्रमिक की मौत के मामले में वन विभाग ने बाघ एंक्लोजर के प्रभारी को प्रथम दृष्टया कर्तव्य में लापरवाही और सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन में चूक के चलते निलंबित कर दिया है। मामले की विस्तृत जांच के लिए सहायक वन संरक्षक स्तर के अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उप वन संरक्षक वन्यजीव चिड़ियाघर, जयपुर डॉ आशीष व्यास ने बताया कि जांच में घटनाक्रम, सुरक्षा व्यवस्था, निर्धारित एसओपी व सुरक्षा प्रोटोकॉल के पालन, सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध अभिलेखों की जांच की जाएगी। जांच निष्कर्ष के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी। डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर आशीष कुमार ने कहा कि एसीएफ के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित कर दी गई है। प्रारंभिक जांच के तहत गार्ड हंसा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। हालांकि प्रथमदृष्टया मामले में लापरवाही सामने आ रही है और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। आमेर थाना अधिकारी राजेंद्र गोदारा ने बताया कि सुबह करीब 9:30 बजे बाघ के हमले की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पिंजरे से बाहर बने एंक्लोजर में महिलाएं काम कर रही थी, इसी दौरान हमला हुआ। पुलिस ने वनकर्मी से पूछताछ की है। लिखित रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मौके पर जुटी भीड़, ग्रामीणों का धरना

हादसे की सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। आमेर थाना पुलिस भी पहुंची। बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतका के परिजन पार्क परिसर में जमा हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते हुए धरना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी, आर्थिक मुआवजा और दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। आमेर विधायक प्रशांत शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी धरने में पहुंचे। काफी देर तक प्रशासन, वन विभाग और ग्रामीणों के बीच बातचीत चली। अधिकारियों ने मृतका के परिजनों को नियमानुसार सहायता और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद मांगों पर सहमति बनी और ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।

### 10 लाख मुआवजा, दो आश्रितों को संविदा नौकरी

सहमति के अनुसार मृतका के परिवार को 10 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाएगी। परिवार के दो आश्रितों को संविदा पर नौकरी देने तथा एक डेयरी बूथ आवंटित करने पर भी सहमति बनी है। वहीं, एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव पत्र भेजा जाएगा। दोषी वन विभाग कर्मचारी के खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है। आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि टाइगर के हमले में महिला श्रमिक की मौत के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। मृतका करीब 8 साल से काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायता, दो आश्रितों को संविदा पर नौकरी और एक आश्रित को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की ओर से भी परिवार की हरसंभव मदद की जानी चाहिए।

### सुरक्षा व्यवस्था की होगी समीक्षा

डीएफओ डॉ आशीष व्यास ने कहा कि वन विभाग नाहरगढ़ जैविक उद्यान में कर्मचारियों, श्रमिकों और आगंतुकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। घटना के बाद पूरे सुरक्षा प्रबंध की पुनः समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता के अनुसार व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है तथा मौके पर मौजूद लोगों के बयान लिए जा रहे हैं। घटना के बाद महिला श्रमिकों और उनके परिजनों में आक्रोश है। साथी कर्मचारियों ने वन्यजीव एंक्लोजर के आसपास काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए हैं। फिलहाल पुलिस और वन विभाग की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही हादसे में वास्तविक लापरवाही और जिम्मेदारी तय हो सकेगी।

# करीब 6 करोड़ की लागत से टमकोर में अत्याधुनिक सीएचसी भवन तैयार, नई बिल्डिंग में शुरू हुई चिकित्सा सेवाएं

## भव्य भवन तैयार, सुविधाएं बढ़ी लेकिन डॉक्टरों की कमी बनी सबसे बड़ी चुनौती

निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** मलसीसर उपखंड क्षेत्र के टमकोर गांव में चिकित्सा विभाग द्वारा करीब 6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर तैयार हो गया है। इस सप्ताह से पुराने अस्पताल भवन को बंद कर चिकित्सा सेवाएं नई दो मंजिला इमारत में शुरू कर दी गई हैं। अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस नए भवन से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है। मलसीसर उपखंड में मलसीसर के बाद टमकोर की सीएचसी सबसे बड़ी चिकित्सा इकाइयों में शामिल है। यहां प्रतिदिन आसपास के करीब 30 गांवों से लगभग 200 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। वहीं झुंझुनू जिले के अंतिम छोर पर स्थित होने और चूरू जिले की सीमा से सटे होने के कारण चूरू जिले के करीब 10 से 12 गांवों के ग्रामीण भी उपचार के लिए टमकोर सीएचसी पर निर्भर हैं।

इसके अलावा सीएचसी के अधीन आने वाले आठ सब सेंटरों की चिकित्सा व्यवस्था भी इसी केंद्र पर निर्भर है।

### भवन अत्याधुनिक, लेकिन डॉक्टरों की कमी बड़ी चिंता

नई इमारत में चिकित्सा विभाग द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं, लेकिन इतनी बड़ी आबादी को चिकित्सा सेवा देने वाले इस केंद्र के सामने डॉक्टरों की कमी सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। सीएचसी में डॉक्टरों के लिए पांच पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक एमबीबीएस चिकित्सक के भरोसे पूरी व्यवस्था चल रही है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रतिदिन करीब 200 मरीजों की ओपीडी के साथ-साथ आठ सब सेंटरों की जिम्मेदारी भी इसी चिकित्सक पर है। यदि कार्यरत डॉक्टर को विभागीय अथवा निजी कार्य से कहीं जाना पड़े तो पीछे से जूनियर स्टाफ को ही व्यवस्थाएं संभालनी पड़ती हैं। ग्रामीणों के अनुसार कुछ समय पहले तक टमकोर सीएचसी में एक जनरल फिजिशियन सहित तीन मेडिकल ऑफिसर कार्यरत थे। लेकिन इन चिकित्सकों का पीजी में चयन होने के बाद वे यहां से चले गए और वर्तमान में केवल एक एमबीबीएस डॉक्टर के भरोसे चिकित्सा सेवाएं संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से अत्याधुनिक भवन तैयार होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है, लेकिन भवन की वास्तविक उपयोगिता तभी पूरी होगी जब यहां पर्याप्त संख्या में चिकित्सक उपलब्ध हों। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के



समक्ष डॉक्टरों के रिक्त पद भरने की मांग रखी जा चुकी है। बावजूद इसके अभी तक पर्याप्त चिकित्सकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है। ग्रामीणों की मांग है कि टमकोर सीएचसी में स्वीकृत सभी चिकित्सक पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएं, ताकि नई अत्याधुनिक बिल्डिंग का लाभ वास्तव में आसपास के दर्जनों गांवों के मरीजों को मिल सके। ग्रामीणों की उम्मीद है कि नई इमारत के साथ अब चिकित्सा व्यवस्था भी मजबूत होगी और टमकोर सीएचसी क्षेत्र के लिए बेहतर एवं भरोसेमंद स्वास्थ्य केंद्र के रूप में अपनी भूमिका निभाएगा।

## गुप्त वृन्दावन धाम में धूमधाम से होगा यशोदानंदन का अभिनंदन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जगतपुरा स्थित गुप्त वृन्दावन धाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य के स्वागत के लिए मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। मंदिर में दिनभर हरे कृष्ण महामंत्र का जाप और कीर्तन होगा। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास के अनुसार जन्माष्टमी पर दिन भर में चार विशेष अभिषेक होंगे। प्रात: 6:30 बजे, 11 बजे, शाम 4:30 बजे और रात 10 बजे अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। भगवान का पंचामृत से महाभिषेक कर 108 विशेष व्यंजनों का भोग अर्पित किया जाएगा। मध्य रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म के अवसर पर महाआरती होगी। इस अवसर पर कृष्ण-बलराम विशेष मखमली पोशाक धारण करेंगे। यह पोशाक वृन्दावन के कारीगरों ने विशेष आरी-तारी वर्क से तैयार की है। जन्माष्टमी महोत्सव की शुरुआत सुबह मंगला आरती से होगी और मध्यरात्रि की महाआरती के साथ इसका समापन होगा। गुप्त वृन्दावन धाम में इस बार दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष दर्शन पंक्तियां, बैरिकेडिंग और पार्किंग की व्यवस्था की गई है। मंदिर में सीसीटीवी कैमरे और मेटल डिटेक्टर युक्त प्रवेश द्वार लगाए गए हैं। सुरक्षा जांच के बाद ही श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा पेयजल, प्रसाद और यातायात प्रबंधन की भी व्यापक व्यवस्था की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित दर्शन मिल सकें।

## पश्चिम बंगाल से अजमेर पहुंचे दो बांग्लादेशी पकड़े

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों एवं अन्य घुसपैठियों की पहचान के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अजमेर जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने 25वीं कार्रवाई करते हुए दो संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तयाब किया। इनमें एक महिला और एक पुरुष शामिल हैं। अभियान के तहत अब तक अजमेर जिले में कुल 59 बांग्लादेशी नागरिकों को दस्तयाब किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि जिला पुलिस एवं सीआईडी जोन अजमेर की संयुक्त टीम कार्रवाई की है। जहां टीम ने मुखबिर तंत्र, तकनीकी साधनों और उपलब्ध जानकारी के आधार पर अजमेर के विभिन्न इलाकों में तलाश की। इसी दौरान दरगाह क्षेत्र से दो संदिग्धों को दस्तयाब किया गया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम हलीमा खातून और रबीउल इस्लाम बताए। दोनों पति-पत्नी हैं और उन्होंने स्वयं को बांग्लादेशी नागरिक बताया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों पश्चिम बंगाल सीमा के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे। इसके बाद असम और कोलकाता में कुछ समय रहने के बाद ट्रेन से अजमेर पहुंचे। दोनों अजमेर में खानाबदोश के रूप में जीवन यापन कर रहे थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर उनके भारत आने और यहां रहने से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

## राज्यपाल बागडे ने किया लीलाघर उत्सव के पोस्टर का विमोचन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान श्री देवनारायण के परम निष्ठावान अश्व लीलाघर की स्मृति, सम्मान और गौरव को समर्पित लीलाघर उत्सव के पोस्टर का विमोचन राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने सिविल लाइंस स्थित लोक भवन में किया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भगवान श्री देवनारायण एवं भैरव बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष रवि शंकर धाभाई की ओर से किया गया। धाभाई ने बताया कि लीलाघर उत्सव धार्मिक आयोजन के साथ राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपरा, वीरता, निष्ठा और सामाजिक समरसता का उत्सव होगा। उत्सव का शुभारंभ विशेष अश्व पूजन और महाआरती से होगा। इसके बाद भगवान श्री देवनारायण और अश्व लीलाघर की सजीव झांकियों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ राजस्थान की लोक परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पोस्टर विमोचन के साथ ही उत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। समारोह में अशोक कुमार शर्मा, विनोद कुमार लोकवानी, राजेंद्र कुमार सोनी, करण सिंह तंवर, दिनेश गुर्जर सहित महासंघ एवं मंदिर समिति के पदाधिकारी और समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। धाभाई ने देशभर के श्रद्धालुओं और गुर्जर समाज के लोगों से सपरिवार उत्सव में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि लीलाघर की स्मृति से जुड़ा यह आयोजन लोक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास है।

## अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में नोखा का परचम, सात विद्यार्थी राज्य स्तर के लिए चयनित

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा ( नवयत्न )।** अणुव्रत विश्व भारती (अणुविभा) के तत्वावधान में आयोजित अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट-2026 में नोखा के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय मेरी ताकत, हमारा परिवार रखा गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आशीर्वाद भवन, गंगाशहर में किया गया। प्रतियोगिता में नोखा अणुव्रत समिति के तत्वावधान में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। समूह गायन प्रतियोगिता में जय तुलसी विद्या विहार, नोखा का समूह प्रथम रहा। समूह ने बदले युग की धारा गीत प्रस्तुत कर निर्णायकों को प्रभावित किया। समूह में बसंती सेन, कुमकुम डागा, योगिता पंचारिया एवं हंसिका जैन शामिल रही। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सलूडिया की संजना ने सोलो गायन एवं रचना-ड्राइंग प्रतियोगिता में विजेता स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में जय तुलसी विद्या विहार की दिव्या ज्योत कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। अणुव्रत समिति अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि जिला स्तर पर विजेता रहे सभी प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। नोखा से कुल सात विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता सितंबर माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। जिला स्तर पर विजेताओं को राज्य प्रभारी नवल किशोर मीणा एवं अध्यक्ष कर्णीदान रांका ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। नोखा पहुंचने पर तेरापंथ भवन में तेरापंथ युवक परिषद एवं अणुव्रत समिति के सदस्यों ने विजेता विद्यार्थियों का स्वागत किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र पारख, पुलकित ललवानी सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। समिति ने प्रतियोगिता के संयोजक दिनेश उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष हरिकृष्ण शर्मा का प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## अग्रवाल प्रीमियर लीग 2026 तीसरे दिन भी हुए रोचक मुकाबले



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत श्रीमाधोपुर में तीसरे दिन भी एपीएल का रोमांच बरकरार, छक्कों-चौकों से गूंजा मैदान। प्रवक्ता आयुष बजाज ने बताया कि श्रीमाधोपुर में अग्रवाल प्रीमियर लीग 2026 के तीसरे दिन भी रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला जारी रहा। मैदान पर खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के साथ दर्शकों का उत्साह भी चरम पर रहा। पहले मुकाबले में अग्रवाल चैलेंजर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए अग्रवाल सुपरकिंग्स को 11 रन से हराया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कुणाल कसेरा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरे मुकाबले में अग्रवाल रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अग्रवाल लायंस को 5 विकेट से मात दी, जिसमें अजय मऊवाला मैन ऑफ द मैच चुने गए। हर मुकाबले के साथ सभी टीमें पूरे जोश के साथ मैदान में उतर रही हैं और मुकाबले लगातार रोमांचक होते जा रहे हैं। खिलाड़ियों के शानदार खेल के साथ एपीएल 2026 का रोमांच भी लगातार बढ़ता जा रहा है।

## मतदान जागरूकता के लिए स्काउट्स ने निकाली रैली




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय चुनाव में अधिकाधिक मतदान के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्काउट एंड गाइड मंडल मुख्यालय, बनीपार्क से स्वीप प्रभारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुभम भाईसारे ने दो सौ स्काउट्स की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट सर्किल पहुंची, जहां स्काउट्स ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया और प्रेरक नारे लगाए। जिला निर्वाचन अधिकारी म्यूनिसिपल संदेश नायक ने बताया कि जयपुर जिले की एक नगर निगम के 150 वार्डों के लिए 11 सितंबर तथा दो नगर परिषदों सहित 18 नगरीय निकायों के 540 वार्डों के लिए 9 सितंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीना ने उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हेमंत सिंह, स्काउट एवं गाइड मंडल मुख्यालय के एससीओ दामोदर प्रसाद शर्मा, जिला नोडल स्वीप समन्वयक दिनकर शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चैक अनादरण मामले में सजा, अभियुक्त को भेजा जेल

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** चैक अनादरण के एक पुराने मामले में न्यायालय ने अभियुक्त की अपील खारिज कर उसे सजा भुगतने के लिए जेल भेजा है। एडवोकेट गजराज सिंह राजवी ने बताया कि तारानगर निवासी सुमेरसिंह सैनी ने वर्ष 2010 में न्यायिक मजिस्ट्रेट तारानगर में चैक अनादरण का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि सुबह सवेरे कंपनी गुहाना, हरियाणा के डायरेक्टर विजेंद्र सिंह नरवाल ने 10 लाख रुपए का एक चैक परिवादी को दिया था, जिसका भुगतान नहीं हुआ। मामले में निचली अदालत ने अभियुक्त को दो वर्ष के कारावास व 20 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया था। इस फैसले के खिलाफ अभियुक्त ने एडीजे न्यायालय तारानगर में अपील की थी। अपील पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने निर्णय पारित करते हुए अपील खारिज कर दी और अभियुक्त को न्यायालय से ही सीधा जेल भेजने का आदेश दिया। परिवादी सुमेर सिंह सैनी की ओर से पैरवी अधिवक्ता गजराज सिंह राजवी ने की।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, रामप्रताप-अंजना देवी कयाल हेल्प ट्रस्ट की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार को श्रीमाधोपुर के चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में 84 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन हुआ। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 84 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 25 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण के लिए निजी बस से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर रैफर किया गया जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने की व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी तथा चश्मे भी नि:शुल्क दिये जायेगें। बताया गया है कि इस मौके पर शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ अक्षिता घीया, अजीत सिंह तंवर, आप्टम अंशु, सौरभ पारीक, खेता राम, जेसमिन, हर सिमरन, पूर्व सहप्रान्तपाल डॉ माधव सिंह, गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चोटिया, सागर मल शर्मा, दीनदयाल सतीजा तथा गोकुल शर्मा अन्य सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। आयोजित शिविर में पिछले शिविरों के ऑपरेशन हो चुके 40 मरीजों को नि:शुल्क नजर के चश्में दिये गए। इससे पहले आयोजित 83 शिविरों में 7686 पंजीकरण, जिनमें से 2607 मरीजों की आंखों के ऑपरेशन हो चुके है। इस तरह के नेत्र शिविर क्लब द्वारा प्रत्येक महीने के पहले बुधवार को आयोजित किया जाता है। अगला 85 वां शिविर बुधवार 7 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

## भाजपा-कांग्रेस के मुकाबले आप ने पेश किया वैकल्पिक एजेंडा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** आम आदमी पार्टी राजस्थान ने नगरीय निकाय चुनाव 2026 के लिए घोषणा-पत्र जारी किया। पार्टी ने निगम, नगर परिषद और पालिकाओं में भ्रष्टाचार मुक्त एवं जवाबदेह प्रशासन के साथ स्वच्छ हवा-पानी, बेहतर सफाई, अतिक्रमण मुक्त व्यवस्था और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराने का वादा किया है। आप प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि स्थानीय निकायों का काम सीधे आमजन के जीवन से जुड़ा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई, सड़क, फुटपाथ, प्लानिंग, पार्किंग, निर्माण अनुमति और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं में सुधार जरूरी है। सह प्रभारी घनेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि अव्यवस्थित शहरी विकास के कारण शहर कंक्रीट के जंगल और प्रदूषण के गैस चैंबर बनते जा रहे हैं। पार्टी दूरदर्शी प्लानिंग और अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई पर जोर देगी। प्रदेश चुनाव प्रभारी देवेन्द्र शास्त्री ने कहा कि घोषणा-पत्र में शिक्षा, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और सफाई को प्राथमिकता दी गई है। निकायों के अधीन स्कूलों में आधुनिक शिक्षा, डिजिटल सुविधाएं, स्किल डेवलपमेंट और करियर गाइडेंस उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को निगम, परिषद या पालिका की जिम्मेदारी मिलने पर भ्रष्टाचार मुक्त स्थानीय निकाय का मॉडल विकसित किया जाएगा। घोषणा-पत्र में आप की मोहल्ला क्लीनिक योजना लागू करने, आधुनिक मशीनरी से सफाई, सफाईकर्मियों की सुरक्षा, बेहतर सड़क-फुटपाथ और सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का भी वादा है। रोजाना निकलने वाले कचरे का उसी दिन निस्तारण, वाहनों से होने वाले प्रदूषण में कमी और खुली बिजली तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की योजना शामिल है। निर्माण अनुमति की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने तथा शहर की जरूरत और भविष्य के नियोजित विकास के अनुरूप नियम तैयार करने की बात कही गई है। शास्त्री ने भाजपा-कांग्रेस पर राजनीतिक मिलीभगत का आरोप लगाते हुए आप को विकल्प बताया।

उन्होंने कहा कि जयपुर सहित अन्य शहरों में शिक्षित, योग्य, ईमानदार और स्थानीय मुद्दों की समझ रखने वाले प्रत्याशियों को मैदान में उतारा जा रहा है। इस दौरान प्रदेश सचिव जुगल किशोर शर्मा, जिला अध्यक्ष अमित दाधीच, वार्ड 54 की पार्षद प्रत्याशी संगीता गौड़ सहित प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी : गोपीनाथजी मंदिर में 151 किलो पंचामृत से होगा ठाकुरजी का अभिषेक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर शहर के पुरानी बस्ती स्थित श्री गोपीनाथजी मंदिर में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जन्माष्टमी के तहत मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। मंदिर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंदिर में 1, 2, 3 और 5 सितंबर को फूल बंगला एवं विशेष झांकिया सजाई जाएगी। इन दिनों शाम 6 से रात 9 बजे तक भजन संध्या भी होगी। जन्माष्टमी का मुख्य आयोजन 4 सितंबर की रात 12 बजे होगा। इस दौरान श्री ठाकुरजी का विधि-विधान से 151 किलोग्राम पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। आयोजन में श्री गोपीनाथजी मंदिर के महंत एवं एकल प्रन्यासी सिद्धार्थ गोस्वामी का सानिध्य रहेगा। मंदिर में दर्शनार्थियों का प्रवेश मुख्य द्वार से होगा। दोनों चौराहों पर श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थान पर पादुकाएं उतारकर मंदिर में प्रवेश करने की अपील की गई है। दर्शन के बाद निकासी मंदिर के पीछे स्थित बगीचे की ओर से होगी। श्रद्धालुओं के लिए निकासी के दो मार्ग निर्धारित किए गए हैं। इनमें एक मार्ग जय लाल मुंशी के रास्ते तथा दूसरा जाट के कुएं की ओर रहेगा। दर्शनार्थियों के लिए मंदिर में सागारी लड्डू की भी व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालु आमजन सहयोग राशि देकर प्रसाद प्राप्त कर सकेंगे। मंदिर प्रशासन ने जन्माष्टमी महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं।



# निकाय चुनाव में 2,954 प्रत्याशी मैदान में

## 434 नामांकन खारिज, नाम वापसी का आज अंतिम दिन, कल मिलेंगे चुनाव चिन्ह

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगरीय निकाय चुनाव 2026 को लेकर जिले की 19 नगरीय निकायों में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिले के 555 वार्डों के लिए 3 हजार 139 अभ्यर्थियों ने 3 हजार 558 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। बुधवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा पूरी होने के बाद 434 नामांकन पत्र निरस्त किए गए। अब 3 हजार 123 नामांकन पत्र सही पाए गए हैं और कुल 2 हजार 954 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गए हैं। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के बाद अब प्रत्याशियों के पास नाम वापस लेने का मौका है। अभ्यर्थी गुरुवार दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद शुक्रवार को चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके साथ ही निकाय चुनाव की तस्वीर और स्पष्ट हो जाएगी। झुंझुनू नगर परिषद के 60 वार्डों के लिए 359 अभ्यर्थियों ने 433 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें 73 नामांकन निरस्त होने के बाद 334 अभ्यर्थी वैध रहे। बगड़ के 20 वार्डों के लिए 93 अभ्यर्थियों ने 105 नामांकन पत्र दाखिल किए। 12 नामांकन निरस्त होने के बाद 89 अभ्यर्थी मैदान में हैं। चिड़ावा के 45 वार्डों में 277 अभ्यर्थियों ने 282 नामांकन दाखिल किए थे। 15 नामांकन निरस्त होने के बाद 265 अभ्यर्थी वैध पाए गए। सुल्ताना के 25 वार्डों में 172 अभ्यर्थियों ने 173 नामांकन दाखिल किए, जिनमें से 7 निरस्त होने के बाद 165 अभ्यर्थी वैध रहे। मंड्रेला में 135 अभ्यर्थियों के 191 नामांकन में से 42 निरस्त हुए और 121 अभ्यर्थी मैदान में हैं। पिलानी के 35 वार्डों में 202 अभ्यर्थियों ने 206 नामांकन दाखिल किए, जिनमें से 7 निरस्त होने के बाद 199 अभ्यर्थी वैध रहे। विद्याविहार में 98 अभ्यर्थियों के 102 नामांकन में से 3 निरस्त हुए और 97 अभ्यर्थी मैदान में हैं। सूरजगढ़ में 164 नामांकन में से 4 निरस्त होने के बाद 160 अभ्यर्थी वैध रहे। बुहाना के 20 वार्डों में 113 अभ्यर्थियों ने 119 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इनमें 14 नामांकन निरस्त होने के बाद 105 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में बचे हैं। सिंघाना में 262 अभ्यर्थियों के 283 नामांकन में से 21 निरस्त हुए और 254 अभ्यर्थी वैध रहे। खेतड़ी में 233 अभ्यर्थियों के 335 नामांकन में से 82 निरस्त होने के बाद 216 अभ्यर्थी मैदान में हैं। उदयपुरवाटी में 243 अभ्यर्थियों के 330 नामांकन में से 70 निरस्त हुए और 223 अभ्यर्थी वैध रहे।

### डूंडलोद में एक भी नामांकन निरस्त नहीं

जाखल में 62 नामांकन में से 2 निरस्त होने के बाद 60 अभ्यर्थी मैदान में हैं। नवलगढ़ में 210 अभ्यर्थियों के 212 नामांकन में से 13 निरस्त होने के बाद 198 अभ्यर्थी वैध रहे। डूंडलोद ऐसा निकाय रहा जहां संवीक्षा के दौरान एक भी नामांकन निरस्त नहीं हुआ। यहां 20 वार्डों के लिए 86 अभ्यर्थियों ने 86 नामांकन पत्र दाखिल किए थे और सभी वैध पाए गए। मुकुंदगढ़ में 116 अभ्यर्थियों के 117 नामांकन में से 5 निरस्त हुए और 111 अभ्यर्थी वैध रहे। मंडावा में 81 अभ्यर्थियों के 92 नामांकन में से 16 निरस्त होने के बाद 72 अभ्यर्थी मैदान में हैं। बिसाऊ में 106 अभ्यर्थियों के 122 नामांकन में से 19 निरस्त हुए और 86 वैध रहे। मलसीसर में 127 अभ्यर्थियों के 144 नामांकन में से 29 निरस्त होने के बाद 113 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं।

### अब नाम वापसी पर नजर

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने बताया कि 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया चलेगी। नाम वापसी के बाद 4 सितंबर को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद जिले के 19 निकायों के 555 वार्डों में चुनावी मुकाबले की अंतिम स्थिति सामने आएगी।




**एक नजर में...**

नगरीय निकाय - 19
कुल वार्ड - 555
दाखिल नामांकन पत्र - 3,558
नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थी - 3,139
निरस्त नामांकन - 434
वैध नामांकन - 3,123
वैध अभ्यर्थी - 2,954
नाम वापसी की अंतिम तारीख - 3 सितंबर, दोपहर 3 बजे
चुनाव चिह्न आवंटन - 4 सितंबर

# वृंदावन में जन्माष्टमी महोत्सव आज से

## पंचकोसी यात्रा से होगा शुभारंभ



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** भड़ौंदा के पास स्थित गांव वृंदावन में जन्माष्टमी के अवसर पर गुरुवार से तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के वृंदावन की तर्ज पर होने वाले आयोजन में निधिवन, श्री बिहारीजी मंदिर, पंचपेड़ और पंचवटी सहित प्रमुख आस्था स्थलों पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार सुबह 7 बजे बाबा पुरुषोत्तम दास की तपोस्थली पंचपेड़ से पंचकोसी यात्रा के साथ होगा। बाबा को पालकी में विराजमान कर यात्रा निकाली जाएगी। इसमें श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शामिल होंगे। शाम 6 बजे चिड़ावा के बिहारीजी मंदिर, सुल्तानिया गेस्ट हाउस से बाबा की 51वीं शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें देशभर के कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। शोभायात्रा के बाद चिड़ावा से वृंदावन भड़ौंदा के लिए वार्षिक पदयात्रा रवाना होगी। महोत्सव में राधा-कृष्ण का नौका विहार, झूला उत्सव और कोलकाता व बेंगलुरु से मंगाए गए विशेष फूलों से दरबार की सजावट आकर्षण का केंद्र रहेगी। बिहारीजी मित्र मंडल के कार्यकर्ता बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

### कल होंगे ये कार्यक्रम

गुरुवार को सुबह 6:30 बजे प्रभातफेरी, 8 बजे पंचपेड़ शमी वृक्ष का जलाभिषेक, दोपहर 2 बजे अखंड ज्योति पाठ और शाम 6: 30 बजे महाआरती होगी। इसके बाद रात 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। दूसरे दिन शुक्रवार को अंतिम दिन श्रद्धालु जात-जड़ूले अर्पित करेंगे। दोपहर 12 बजे महाप्रसाद और भंडारे का आयोजन होगा। इसके साथ ही तीन दिवसीय महोत्सव का समापन होगा।

# बरासिया कॉलेज में रोजगारोन्मुखी ओरिएंटेशन कार्यक्रम

### विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की दी जानकारी



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** आरकेजेके बरासिया पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय रोजगारोन्मुखी ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम कौशल एवं उद्यमिता विकास संस्थान, अंबुजा फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय संयुक्त सचिव जया पाठक रहीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि बीएड प्राचार्य डॉ. जोगेंद्र सिंह, एनएसएस प्रभारी डॉ. मनोज कुमार, अंबुजा फाउंडेशन प्रतिनिधि प्रदीप सिंह राठौड़, काउंसलर दीपा बागड़ी और पवन सैनी रहे। फाउंडेशन प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को बैंकिंग, ई-मित्र और ब्यूटी थेरेपिस्ट सहित विभिन्न कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षण के बाद उपलब्ध रोजगार और प्लेसमेंट के अवसरों के बारे में भी बताया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के दौरान सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। राजस्थान सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से संचालित आई-स्टार्ट योजना की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। प्रोग्रामर पंचायत समिति सूरजगढ़ सुरेश सैनी और प्रोग्रामर पंचायत समिति पिलानी पूजा चौधरी ने स्वयंसेवकों को योजना से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. अनिता ने किया।

# गोगाजी मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक

### श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर दिए निर्देश



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** गोगाजी मंदिर चिड़ावा में शनीवार को आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर बुधवार को उपखंड कार्यालय में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम किरणपाल ने की। बैठक में मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, पेयजल, बिजली, सफाई, सड़क सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मेले से पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नायब तहसीलदार बलबीर सिंह, पीडब्ल्यूडी कनिष्ठ अभियंता दीपिका, पीएचईडी से तुशाल, एवीवीएनएल सहायक अभियंता मायालाल, नगरपालिका ईओ गौतम शर्मा, सीबीईओ उमादत्त झाझड़िया, गोगाजी मंदिर से पंडित सुमित शर्मा, एसीबीईओ सुरेश कुमार पायल, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कैलाश सिंह कविया, सीआई लक्ष्मीचंद वर्मा और बीसीएमओ डॉ. संतकुमार जांगिड़ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 19 निकायों के 555 वार्डों में 4.44 लाख मतदाता

## 600 बूथों पर होगा मतदान झुंझुनूं में सबसे ज्यादा 96,555 वोटर, बुहाना में 8,128

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर जिले में चुनावी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जिले के 19 नगरीय निकायों के 555 वार्डों में 4 लाख 44 हजार 430 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनके लिए जिलेभर में 492 मतदान केंद्रों पर 600 मतदान बूथ निर्धारित किए गए हैं। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रारूप प्रकाशित होने के साथ ही चुनावी तस्वीर भी साफ हो गई है। जिले के कुल मतदाताओं में 2 लाख 31 हजार 474 पुरुष, 2 लाख 12 हजार 946 महिला और 10 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं की संख्या के लिहाज से झुंझुनूं नगर परिषद सबसे बड़ा निकाय है, जबकि जाखल में सबसे कम मतदाता हैं। झुंझुनूं नगर परिषद में 60 वार्डों के लिए 96 हजार 555 मतदाता हैं। इनमें 49 हजार 863 पुरुष, 46 हजार 688 महिलाएं और 4 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इसके बाद नवलगढ़ में 50 हजार 248 और चिड़ावा में 46 हजार 049 मतदाता हैं। अन्य निकायों में उदयपुरवाटी में 33 हजार 368, पिलानी में 24 हजार 034, सिंघाना में 20 हजार 630, मंडावा में 19 हजार 636, बिसाऊ में 19 हजार 606, सूरजगढ़ में 17 हजार 619, मुकुंदगढ़ में 17 हजार 330, खेतड़ी में 16 हजार 992, सुलताना में 13 हजार 216, बगड़ में 12 हजार 514, मलसीसर में 11 हजार 691, मंड्रेला में 11 हजार 619, डूंडलोद में 10 हजार 268, विद्याविहार में 8 हजार 254, बुहाना में 8 हजार 128 तथा जाखल में 6 हजार 673 मतदाता हैं।



### 492 मतदान केंद्रों पर 600 बूथ

मतदाताओं की संख्या को देखते हुए जिले के 19 निकायों में कुल 600 मतदान बूथ बनाए गए हैं। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के अनुसार इनमें 492 मतदान केंद्र शामिल हैं। मतदान बूथों का निर्धारण मतदाताओं की संख्या के आधार पर किया गया है। झुंझुनूं नगर परिषद के 60 वार्डों में 94 बूथ निर्धारित किए गए हैं। इनमें 84 बूथों पर 1400 तक मतदाता हैं, जबकि 10 बूथ ऐसे हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिक है। नवलगढ़ के 45 वार्डों के लिए 49 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 48 बूथों पर 1400 तक और एक बूथ पर 1400 से अधिक मतदाता हैं। जिले के बाकी 17 निकायों में किसी भी बूथ पर मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिक नहीं है।

### कहां कितने मतदान बूथ

बगड़ में 20, चिड़ावा में 48, सुलताना में 25, मंड्रेला में 25, पिलानी में 36, विद्याविहार में 25, सूरजगढ़ में 25, बुहाना में 20, सिंघाना में 35, खेतड़ी में 25, उदयपुरवाटी में 38 और जाखल में 20 बूथ निर्धारित किए गए हैं। इसी तरह डूंडलोद में 20, मुकुंदगढ़ में 25, मंडावा में 25, बिसाऊ में 25 और मलसीसर में 20 मतदान बूथ बनाए गए हैं।

# रामावतार सोनी समेत छह को मिला 'गांधी सेवा रत्न'



हर्ष सोनी

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था आदर्श समाज समिति इंडिया, सूरजगढ़ के तत्वावधान में गांधी स्मृति दिवस पर राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जाखल के संजय मीणा, कोलसिया की योग साधिका सानवी, राकेश बबेरवाल, बुगाला के पत्रकार रामावतार सोनी, झुंझुनू से पत्रकार संजय सैनी, लेखिका नीलम मुकेश वर्मा को समाजसेवा, पत्रकारिता एवं अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए 'गांधी सेवा रत्न अवार्ड-2026' एवं प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किए गए। आयोजकों के अनुसार समारोह में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली करीब 200 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह में सामाजिक सेवा, साहित्य, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली प्रतिभाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी सहित संस्था के पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह का उद्देश्य उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ समाज में सेवा, सद्भाव और सकारात्मक कार्यों की भावना को बढ़ावा देना रहा।

# सेवानिवृत्ति पर भूरिया ने दिए 21 हजार

## मीरा निर्मल ने पहली सैलरी संस्था को भेंट की

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रही एफर्ट्स संस्था को दो सदस्यों ने आर्थिक सहयोग दिया। संस्था की कोर कमेटी सदस्य पूरा की ढाणी निवासी इंद्राज सिंह भूरिया ने राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर 21 हजार रुपए संस्था को भेंट किए। वहीं, संस्था से स्कॉलरशिप प्राप्त कर व्याख्याता के पद पर चयनित हुईं मीरा निर्मल कालीपहाड़ी ने अपनी पहली सैलरी के 27हजार 592 रुपए संस्था को दिए। एफर्ट्स संस्था जिले के ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों की मदद करती है, जो आर्थिक तंगी के कारण 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नहीं कर पाते। संस्था विद्यार्थियों को आर्थिक सहयोग के साथ मार्गदर्शन और मोटिवेशन उपलब्ध कराने का काम करती है।



संस्था की ओर से इंद्राज सिंह भूरिया का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान डॉ. महेश सरोवा, गौरव सेनानी ओमप्रकाश भूरिया, व्याख्याता राजेश लोदीपुरा, सीताराम बास बुडाना, नर्सिंग ऑफिसर नरेंद्र कहड़ायला, व्याख्याता सुनील गोठवाल, डॉ. सुरेश शीला, व्याख्याता राकेश तूनवाल, महेश जसरापुर, राजेश हरिपुरा, मदनलाल गुडेसर, संदीप टंडन, अनिल बेसरवाल, रोहिताश्व केरू, प्रधानाचार्य ताराचंद बारूपाल, व्याख्याता प्यारेलाल भूपेश, पंकज बुडाना, पवन लूणा, विकास बुलानिया सहित संस्था के सदस्य मौजूद रहे।

# जाखल में अंजु सोनी ने ठोकी चुनावी ताल, विकास को बनाया मुद्दा



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव को लेकर जाखलमें चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वार्ड पांच में ओबीसी महिला सीट से निर्दलीय प्रत्याशी अंजु सोनी ने चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने वार्डवासियों से समर्थन और आशीर्वाद मांगा है। अंजु सोनी ने वार्ड के विकास को चुनाव का प्रमुख मुद्दा बनाते हुए सड़क, पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट, नई पाइपलाइन और ट्यूबवेल जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि मेरा वार्ड-मेरा परिवार है और वार्डवासियों के सहयोग से क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि चुनाव जीतने के बाद भी वे वार्डवासियों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करेंगी।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में कल मनेगी जन्माष्टमी, भजन संध्या में कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** मंडी गेट के पास स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव 4 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और सजावट से सजाया जाएगा। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण की विशेष झांकी भी सजाई जाएगी। मंदिर व्यवस्थापक पंडित रामगोपाल पुजारी ने बताया कि जन्माष्टमी के अवसर पर दिनभर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। शाम को मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। भजन संध्या में सूर्य प्रकाश चोटिया, विजय इंदोरिया और प्रमोद इंदोरिया एंड पार्टी भगवान श्रीकृष्ण के भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति गीतों का आनंद ले सकेंगे। जन्माष्टमी को लेकर मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# आज मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे में श्रीमती मंजुला सराफ आदर्श विद्या मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीकृष्ण स्वामी ने बताया आज गुरुवार को शाम 7 बजे सेन भवन मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही 7 वर्ष से अधिक कस्बे के सभी भैया बहन कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, उन्हें भैया बहनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में तैयारियां जोर-जोर से चल रही है।

## सम्पादकीय

# उम्मीद से ज्यादा तेज़ी

ऐसे वक्त में जब अमेरिका-ईरान युद्ध से कच्चे तेल के दामों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई और आपूर्ति श्रृंखला बाधित रही, देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत सुखद ही कहा जायेगा। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद दर 7.8 रही है। यह प्रदर्शन केंद्रीय बैंक आरबीआई के सात फीसदी की विकास दर के अनुमान से भी अधिक है। यह दर बाजार की उम्मीदों से भी अधिक है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव और ग्लोबल अनिश्चितता के बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। दरअसल, इस तेज विकास दर को पाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन से मदद मिली है। वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सेवा क्षेत्र में दस फीसदी की विकास दर उत्साहजनक रही है। विनिर्माण क्षेत्र में 9.2 तथा निर्माण क्षेत्र में विकास दर 7.7 फीसदी की वृद्धि ने देश की आर्थिकी को गति दी है। दरअसल,औद्योगिक विकास ने भी सकल विकास दर को संबल दिया । इससे भारतीय घरेलू अर्थव्यवस्था के महत्व का पता चलता है। उल्लेखनीय है इस दौरान देश में उपभोक्ता मांग अच्छी बनी रही। वास्तव में देश के बड़े उपभोक्ता बाजार ने वैश्विक मांग और व्यापार में आई शिथिलता के बावजूद स्वदेशी आर्थिकी को मजबूती दी है। भले ही देश का विपक्ष इस कामयाबी को आंकड़ों की बाजीगरी बता रहा है लेकिन सरकार इस उपलब्धि पर अपनी पीठ थपथपा सकती है। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि वैश्विक स्तर पर जारी अस्थिरता के चलते भविष्य में पैदा होने वाले जोखिम कम नहीं हो जाते हैं। विकास दर के इन आंकड़ों के चलते हमें लापरवाह होने से बचना चाहिए। पूंजीगत सामान के ज्यादा उत्पादन व सरकारी पूंजीगत व्यय में वृद्धि से पता चलता है कि देश में संरचनात्मक विकास व निवेश की मांग बनी हुई है।

वास्तव में देश के नीति-नियंताओं को हमारी खाद्य श्रृंखला को मजबूती देने वाले और महंगाई को प्रभावित करने वाले कृषि उत्पादन में तेजी लाने की जरूरत है। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के बीच इस बार देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमान बारिश का असर भी कृषि उत्पादन पर पड़ सकता है। देश का कृषि क्षेत्र अभी भी मौसम की मार के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। बहरहाल, पहली तिमाही के उत्साहवर्धक आंकड़े देश की वार्षिक विकास की अनुमानित दर में संशोधन करने की जरूरत को बताते हैं। यदि देश में घरेलू मांग और निवेश मजबूत बने रहते हैं तो हमें भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वार्षिक विकास दर का 6.7 फीसदी का अनुमान कम लग सकता है। इसके बावजूद, एक अच्छे तिमाही नतीजों का मतलब यह नहीं है कि आसन्न जोखिम से पूरी तरह बचा जा सकता है।

ध्यान रहे कि 7.8 फीसदी की विकास दर पिछली तिमाही की 8.6 फीसदी की वृद्धि दर के मुकाबले थोड़ा कम है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी अनिश्चितताएं अभी बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। वैश्विक कारोबारी तनाव, भू-राजनीतिक टकराव और ऊर्जा आपूर्ति में लगातार जारी संभावित बाधाओं से हमारा लागत मूल्य बढ़ सकता है। जिससे देश के निर्यातों में वृद्धि की संभावनाएं कमजोर हो सकती हैं। भारत जैसे देश के लिये कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जो अपने अधिकांश ऊर्जा संसाधनों का आयात करता है। जरूरी यह भी है कि देश की विकास दर में दर्शाई जा रही तेजी का अहसास आम आदमी की जिंदगी में भी दिखायी दे। देश की आंतरिक स्थितियों पर भी ध्यान देना जरूरी है। विकास दर वृद्धि के सम्मोहन में देश में महंगाई और बेरोजगारी की समस्या की अनदेखी नहीं की जा सकती।

## विशेष आलेख

# नीट परीक्षा के आयोजन में मौजूद बुनियादी खामियां




नीट परीक्षा के पेपर लीक जैसी घटनाएं सिस्टम की कार्यक्षमता में नहीं, बल्कि उसके नैतिक चरित्र में आए संकट को दर्शाती हैं। वहीं नीट की एक बड़ी समस्या मल्टीपल-च्वायस क्वेश्चन (एमसीक्यू) आधारित चयन प्रणाली है। बेशक यह मशीनी आकलन में फिट बैठती हो, लेकिन मेडिकल शिक्षा के लिए जरूरी गुणों का सही आकलन नहीं करती। यह कोचिंग को बढ़ावा देती है।

नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी-कम-एंट्रेंस टेस्ट) के साथ समस्या सिर्फ़ इसके पेपर लीक होने की प्रवृत्ति नहीं है। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि इसके काम का तरीका बहुत अपरिष्कृत है। इसके लिए जो ऊंचा लक्ष्य रखा गया है, वह इसके अंदरूनी पुराने तौर-तरीकों से मेल नहीं खाता। नीट का मकसद लाखों लोगों में से उन्हें चुनना है, जो मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाने को सबसे योग्य हों। वास्तव में, इस मुश्किल काम को पूरा करने का तरीका बहुत सामान्य सा है। इसमें तीन विज्ञान विषयों—भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान—से 180 सवाल पूछे जाते हैं। ये सभी सवाल एक ही फॉर्मेट में होते हैं। हर सवाल के लिए चार संभावित जवाब दिए जाते हैं। उनमें से सिर्फ़ एक सही होता है। माना यह जाता है कि अगर छात्र होशियार है, तो वह तुरंत सही जवाब पहचान कर उसे चिह्नित कर देगा और अगले मल्टीपल-चॉइस क्वेश्चन (एमसीक्यू) पर बढ़ जाएगा। इसी फ़ॉर्मेट को एमसीक्यू कहते हैं। यह फ़ॉर्मेट भारतभर में इतना क्यों फैल गया है, यह एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब ढूंढ़ना वाजिब होगा। बैंकिंग से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक, लगभग हर क्षेत्र में अब शिक्षा और नौकरी के लिए उम्मीदवारों को चुनने के लिए एमसीक्यू सिस्टम का इस्तेमाल होता है। यह इतना पसंदीदा क्यों बन गया है?

एक तो, एमसीक्यू के ज़रिए बड़े पैमाने पर परीक्षा लेना और तैयारी करवाना आसान होता है। कोचिंग उद्योग अब शिक्षा से भी बड़ा वित्तीय कारोबार बन गया है और इस उद्योग को एमसीक्यू बहुत भाता है। यह सिस्टम मशीनी तरीके से नंबरों का आकलन करने के लिए भी सुविधाजनक है। इस तरह की मार्किंग में निष्पक्षता दिखती है। पेपर लीक होने की घटनाओं को छोड़ दें, तो लोगों को सबसे ज़्यादा चिंता पक्षपात की होती है; इसलिए अगर कोई तरीका इस समस्या को दूर करता हो, तो उसकी लोकप्रियता कम करना मुश्किल होता है। असल में, एमसीक्यू-आधारित परीक्षा प्रक्रिया की मार्फत बड़ी संख्या में उम्मीदवारों की छंटाई कर उन्हें बाहर करना आसान बन जाता है। चूंकि बाहर किए जाने की यह प्रक्रिया मशीनी होती है और इसलिए निष्पक्ष बन जाती है। यही वजह है कि इस प्रक्रिया को वैध माना जाता है, भले ही यह पूरी सटीक न हो।

वैधता और सटीकता के बीच का फ़र्क समझना ज़रूरी है। 'वैधता' का मतलब है लोगों की सोच में और कानूनी तौर पर सही उतरना। दूसरी ओर, 'सटीकता' का मतलब है परीक्षा के तरीके का उसके उद्देश्य से गहरा संबंध होना। नीट के खास संदर्भ में, कोई यह दावा नहीं कर सकता कि जो छात्र तेज़ी से भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के एमसीक्यू हल कर सकता है, उसमें एक अच्छा डॉक्टर बनने की क्षमता और योग्यता, दोनों हैं। नीट का काम बस बड़ी संख्या में आवेदकों को छांटकर अलग करना है। छंटनी के बाद बाहर हो चुके छात्रों में कितनों में डॉक्टर बनने के लिए ज़रूरी गुण और क्षमता थी, इसकी किसी को परवाह नहीं है। इस बात की भी कोई परवाह नहीं करता कि बाहर किए गए छात्र समाज के कमज़ोर वर्गों से थे या नहीं। ज़्यादातर मामलों में, नीट और ऐसे ही दूसरी परीक्षाओं में सफलता कोचिंग से जुड़ी होती है। कोचिंग पर उम्मीदवार और उनके माता-पिता का काफ़ी पैसा खर्च होता है। बहुत से छात्र किसी भी तरह की कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकते, अच्छे और नामी कोचिंग सेंटर्स की तो बात ही छोड़ दें; ये सेंटर्स अपनी सफलता की दर, अपने कोच और वहां रहने-सहने की सुविधाओं के प्रचार-प्रसार पर बहुत पैसा खर्च करते हैं। अत्यंत व्यावसायिक हो चुकी इन सेवाओं ने स्कूलों और शिक्षकों को अप्रासंगिक बना दिया है।

नीट में हालिया पेपर लीक का मामला कोई इक्का-दुक्का घटना नहीं थी। असल में, यह इतना आम हो गया है कि अगर कोई परीक्षा बिना पेपर लीक हुए भी हो जाए, तब भी लोगों में शक बना रहता है। प्रश्नपत्र लीक होने से परीक्षा का मकसद ही खत्म हो जाता है; साथ ही, यह उस सामाजिक माहौल को भी खराब कर देता है, जिसमें युवा रहते हैं और परीक्षा में सफल होने के लिए जी-तोड़ मेहनत करते हैं। प्रश्नपत्र पेपर लीक होना कोई नई बात नहीं, और न ही यह धांधली का एकमात्र तरीका है, जिससे भारत की परीक्षा प्रणाली दरपेश है। धांधली का मुख्य तरीका पेपर लीक बनने से बहुत पहले, गलत ढंग से सफलता पाने की कहानियां आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में आम चर्चा का विषय हुआ करती थीं। सवाल हल करने में मदद करने वाली कोई भी सामग्री परीक्षा केंद्र में साथ ले जाना मना था, लेकिन यह चलन इतना आम था कि इसने रवींद्रनाथ टैगोर तक का ध्यान खींचा। एक दिलचस्प ज़िक्र में, हैरान कविवर ने ऐसे छात्रों की तुलना हनुमान से की थी, जो लक्ष्मण की जान बचाने वाली खास जड़ी-बूटी लाने की बजाय पूरा पहाड़ ही उठा लाए थे।

आज़ादी के बाद वाले काल में और डिजिटल दौर से पहले, परीक्षा से जुड़ी कई अन्य किस्म की धांधलियां सामने आईं। एक थी, 'परीक्षा केंद्रों की बिक्री', जहां उम्मीदवार आसानी से सीधे पाठ्यपुस्तक या उसकी 'कुंजी' (सवालों के हल आसान तरीके से समझाने वाली पुस्तिका) जैसे भरोसेमंद स्रोतों से जवाब नकल कर लिख देते थे। 'नीलाम किए गए' ऐसे कुछ परीक्षा केंद्रों में वे लोग भी मदद के लिए होते थे, जो ब्लैकबोर्ड पर सही जवाब लिख देते थे। वहीं कुछ जगहों पर छद्म परीक्षार्थी (असली उम्मीदवार की जगह परीक्षा देने वाले) की सुविधा भी मिलती थी, जिनका ज्ञान घबराए हुए परीक्षार्थी से कहीं ज़्यादा होता था।

हालांकि, नकल करने और पेपर लीक होने के बीच बुनियादी फ़र्क है। पेपर लीक होना न सिर्फ़ व्यवस्था की नाकामी बल्कि उसके नैतिक ढांचे के पतन का भी संकेत है। पेपर लीक होने की खबर सुनकर उम्मीदवार को लाचारी महसूस होती है-न्याय पाने के अपने हक का उल्लंघन हुआ देखकर। जब पेपर लीक होना आम बात हो जाए, तो शक बन जाता है कि जिस प्रश्नपत्र को कोई उम्मीदवार हल कर रहा है, उसके बारे में कुछ लोगों को अवश्य ही पहले से पता है व उन्हें इस 'पूर्व-पहुंच' का फ़ायदा मिलेगा। इस साल नीट को रद्द कर दिया गया (और बाद में दोबारा कराया गया), क्योंकि पेपर लीक को छिपाना नामुमकिन हो गया था। पिछले साल, कानूनी दांव-पेच से परीक्षा रद्द होने से तो बच गई, लेकिन सीमित पुनर्परीक्षा ने लीक के पैमाने पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इस साल परीक्षा रद्द होने के बाद हुई आत्महत्याओं से हमें हैरान नहीं होना चाहिए- ये बताती हैं कि 18 साल के आदर्शवादी युवाओं के मन को कितना आघात लगता है। नीट पेपर लीक का असर उन बहुत से युवाओं पर भी पड़ा, जिनका परीक्षा से कोई सीधा लेना-देना नहीं; लीक का मतलब सिर्फ़ व्यवस्था की कारगुजारी या आयोजन क्षमता में कमी नहीं, बल्कि उसके नैतिक चरित्र का संकट है। नीट आयोजित करने के लिए चाहे कितनी भी आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल क्यों न हो, उसका अंदरूनी अपरिष्कृत कामकाजी ढांचा कायम रहेगा। तीन विज्ञान विषयों के पाठ्यपुस्तक-आधारित सवालों को सुपरसोनिक रफ़्तार से 'हल' करने की योग्यता का डॉक्टर बनने की प्रेरणा से लेना-देना कम ही है। रफ़्तार की जरूरत कोचिंग संस्थानों को बहुत भाती है। वे युवाओं को गलत विकल्पों को पहचानने और सही जवाब ढूंढ़ने का प्रशिक्षण देते हैं।

## स्वास्थ्य समाचार

# एक साथ खाएं अश्वगंधा और विदारीकंद पुरुषों को मिलेंगे यह अनोखे फायदे

पुराने जमाने में लोग हेल्दी और फिट रहने के लिए तमाम तरह की आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन करते थे। आयुर्वेदिक औषधियों के शक्तिशाली गुण शरीर को हेल्दी रखने से लेकर बीमारियों के खतरे को कम करने में बहुत फायदेमंद होते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद भी बहुत ही शक्तिशाली जड़ी-बूटी हैं। इनका सेवन करने से शरीर की कई गंभीर परेशानियों से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। अश्वगंधा में मौजूद गुण शरीर को शारीरिक रूप से ही नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी हेल्दी रखने में मदद करते हैं। वहीं विदारीकंद सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार समेत कई गंभीर इन्फेक्शन से छुटकारा पाने के लिए फायदेमंद औषधि मानी जाती है। पुरुषों के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन रामबाण होता है। अश्वगंधा और विदारीकंद दोनों ही बारहमासी जड़ी-बूटियां हैं, जिनका इस्तेमाल शरीर की कई गंभीर समस्याओं और बीमारियों के इलाज में पुराने समय से ही किया जा रहा है। पुरुषों की कई गंभीर परेशानियों में अश्वगंधा और विदारीकंद फायदेमंद होते हैं।



### स्पर्म काउंट बढ़ाने में फायदेमंद

खानपान में गड़बड़ी और खराब जीवनशैली के चलते पुरुष लो स्पर्म काउंट की परेशानी का शिकार हो जाते हैं। अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन करने से लो स्पर्म काउंट की समस्या दूर होती है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से स्पर्म काउंट तेजी से बढ़ता है।

### इनफर्टिलिटी में फायदेमंद

लो स्पर्म काउंट कई ऐसी समस्याएं हैं, जिनकी वजह से पुरुष इनफर्टिलिटी यानी बांझपन की समस्या का शिकार होते हैं। बांझपन या इनफर्टिलिटी से छुटकारा पाने के लिए रोजाना डॉक्टर की सलाह के आधार पर अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन करना चाहिए।

### शीघ्रपतन से छुटकारा

शीघ्रपतन पुरुषों में होने वाली आम यौन समस्या है। इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद के चूर्ण को घी के साथ खाने से बहुत फायदा मिलता है। आप नियमित रूप से इसका सेवन कर शीघ्रपतन से छुटकारा पा सकते हैं।

### टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाए

टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन की कमी के कारण पुरुषों को सेक्सुअल लाइफ से जुड़ी परेशानियों के अलावा कई अन्य समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरॉन हॉर्मोन बढ़ाने के लिए अश्वगंधा और विदारीकंद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

### इरेक्टाइल डिसफंक्शन ठीक करने में फायदेमंद

इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या ठीक करने में अश्वगंधा और विदारीकंद का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद गुण कॉर्टिसोल को ठीक करने में मदद करते हैं।

# यह आदतें दिमाग को अंदर से कर देती हैं खोखला

सही तरीके से जिंदगी गुजारने के लिए ब्रेन का फिट रहना जरूरी है। क्योंकि यही वो पार्ट है जो शरीर के फंक्शन को कंट्रोल में रखता है। हर मोड़ पर फैसला लेने के लिए आपको दिमाग की ही जरूरत पड़ती है। ऐसे में इसका खास ख्याल रखना जरूरी होता है। हालांकि हमारी रोजाना की कुछ खराब आदतें हैं जिसकी वजह से आपका दिमाग अंदर से खोखला हो सकता है।



### ब्लू लाइट

मोबाइल फोन से निकलने वाली ब्लू लाइट ना सिर्फ आंखों के लिए खतरनाक है बल्कि इससे आपका कॉग्निटिव फंक्शन भी प्रभावित हो सकता है। दरअसल सोते वक्त जब आप फोन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन यानी की स्लीपिंग हार्मोन को प्रभावित करती हैं इससे नींद में गड़बड़ी होती है और नींद का खराब पैटर्न याददाश्त में कमजोरी,चिड़चिड़ापन, तनाव, जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है।

### स्ट्रेस

स्ट्रेस आपकी मेंटल हेल्थ को बुरी तरह से प्रभावित करता है। तनाव लेने से कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ सकता है। ये हार्मोन याददाश्त को बुरी तरह से प्रभावित करता है। लंबे समय तक तनाव में रहने से आपको याददाश्त से जुड़ी बीमारी हो सकती है। तनाव लेने से आप डिप्रेशन में भी जा सकते हैं।

### अकेलापन


अकेलापन आपके दिमाग को खोखला कर सकता है। अकेलापन आपको भावनात्मक रूप से नुकसान पहुंचाता है आप अपने दिल की बात किसी से शेयर नहीं कर पाते हैं। इससे चिड़चिड़ापन और तनाव बढ़ता है। नकारात्मक सोच आप पर हावी होती है।

### ज्यादा मीठा खाना

जरूरत से ज्यादा मीठा खाने से ना सिर्फ आपको डायबिटीज की शिकायत होती है बल्कि आपका दिमाग भी कमजोर हो सकता है। दरअसल जब ब्लड शुगर का स्तर ज्यादा होता है उनका मस्तिष्क अच्छी तरह से काम नहीं कर पाता है इससे भूलने की बीमारी हो सकती है।

### एक्सरसाइज न करना

दिमाग को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ऐसे में जब आप कोई भी शारीरिक गतिविधि नहीं करते हैं तो ब्रेन डिराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर कम होती है इससे बौधिक क्षमताएं कम होती है।



# बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें?

बच्चों को सही परवरिश देना हर माता-पिता की पहली अहमियत होती है। आज के समय में जब सब कुछ डिजिटल उपलब्ध है, तो बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक स्वसाथ्य पर ध्यान देना भी जरूरी हो गया है। आज के समय में छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं या लंबे समय तक इस पर समय बिताते है। बहुत से पेरेंट्स बच्चों के शारीरिक विकास के लिए कई बार जरूरी पोषक तत्व नहीं देते हैं। जिस कारण बच्चों की ग्रोथ पर असर पड़ता है। आज के समय में बच्चे प्रोस्सेड फूड्स का सेवन ज्यादा करना चाहते है। यह फूड्स के सेवन से बच्चों का वजन बढ़ाने के साथ कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा भी बढ़ता हैं। बच्चों का शारीरिक विकास ठीक ढंग से हो। ऐसे में बच्चों की डाइट में प्रोटन, कैल्शियम और फाइबर रिच फूड्स को शामिल करें। साथ ही शरीर के विकास के साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें।

**बच्चों को साफ-सफाई के बारे में बताएं :** बचपन से ही बच्चों को साफ-सफाई के बारे में अवगत कराना जरूरी होता है। ऐसे में बाहर से आने के बाद बच्चों का ठीक से हैंडवॉश कराएं। खाना खाने से पहले और बाद में बच्चों को हैंडवॉश की अहमियत बताएं। बच्चों के साथ खुद भी हाथ को अच्छ से धोएं। बच्चों को इस रूटिन के लिए जागरूक बनाएं। ऐसा करने से संक्रमण से बचाव होता है।

**समय पर टीकाकरण :** बच्चों को उनकी उम्र के हिसाब से टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण से बच्चों को कई बीमारियों से बचाया जा सकता हैं। साथ ही टीकाकरण बच्चे के शारीरिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। बच्चे को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

**बच्चों के साथ बातचीत करें :** बच्चे के मानसिक विकास पर ध्यान देने के लिए यह जरूरी हो जाता है कि आप उनसे खुले दिल से बात करें। घर में ऐसा माहौल तैयार करें कि बच्चा बिना डरे आपसे हर बात शेयर कर सकें। बच्चा अगर कोई बात बता रहा हो, तो उसे टोके नहीं बल्कि उसकी बात को ध्यान से सुनें।

**आत्मविश्वास को बढ़ाएं :** ऐसा बहुत बार होता हैं कि बच्चा कुछ करना चाहता हैं लेकिन उसमें सफल नहीं हो पाता है। ऐसे में बच्चों को बताएं कि गलतियों से सीखें, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

## आज का राशिफल

### मेष
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### वृष
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### कर्क
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### सिंह
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### कन्या
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### तुला
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### वृश्चिक
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### धनु
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### मकर
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### कुंभ
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### मीन
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

# जन्माष्टमी पर गोविंददेवजी में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## सुरक्षा के कड़े इंतजाम, एक हजार से ज्यादा तैनात होंगे पुलिसकर्मी

### जलेब चौक से प्रवेश और जय निवास बाग से निकासी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** छोटी काशी जयपुर सहित देशभर में इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के विशेष संयोग के कारण वैष्णव, स्मार्त और औदायिक मतावलंबी एक ही दिन कान्हा का जन्मोत्सव मनाएंगे। शहर के मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आराध्यदेव गोविंददेवजी मंदिर में मुख्य आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा, दर्शन, यातायात और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की है। पंडित बनवारी लाल शर्मा के अनुसार भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 3 सितंबर की रात 1:33 बजे शुरू होकर 4 सितंबर की रात 11:13 बजे तक रहेगी। रोहिणी नक्षत्र 3 सितंबर की रात 12:45 बजे शुरू होकर 4 सितंबर की रात 11:12 बजे तक रहेगा। अष्टमी और रोहिणी के इस विशेष संयोग के चलते तीनों मतों में जन्माष्टमी 4 सितंबर को ही मनाई जाएगी। धर्मसिंधु के अनुसार मध्यरात्रि में व्याप्त अष्टमी जन्माष्टमी के लिए ग्राह्य मानी गई है।

#### तड़के 4:30 बजे मंगला झांकी, रात 12 बजे जन्मोत्सव

गोविंददेवजी मंदिर में 4 सितंबर को तड़के 4:30 बजे मंगला झांकी के साथ दर्शन शुरू होंगे। जन्माष्टमी पर ठाकुरजी को पीली रेशमी पोशाक और विशेष अलंकरण धारण कराया जाएगा। पोशाक पर राजस्थानी गोटा-पत्ती का बारीक काम किया गया है। मंदिर परिसर को बधाई है और सातिया की पताकाओं से सजाया गया है। मुख्य द्वार और निकास पर शहनाई की धुन श्रद्धालुओं का स्वागत करेगी। रात 10 से 11 बजे तक जन्माष्टमी व्रत कथा होगी। मध्यरात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म के अवसर पर 31 तोपों की सलामी और आतिशबाजी के बीच जन्माभिषेक के दर्शन खुलेंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शालिग्रामजी पूजन और पंच द्रव्य पूजन के बाद ठाकुरजी का पंचामृत अभिषेक होगा। अभिषेक में 425 लीटर दूध, 365 लीटर दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा और 11 किलो शहद का उपयोग होगा। अभिषेक के बाद पंजीरी लड्डू, खीरसा और रबड़ी का भोग लगाया जाएगा। श्रद्धालुओं को नि:शुल्क पंचामृत और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसके लिए जय निवास उद्यान में प्रसादी मंच बनाया गया है।

#### जलेब चौक से ही प्रवेश

गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं का प्रवेश केवल जलेब चौक स्थित बांदरवाल गेट से होगा। अन्य मार्गों से मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जलेब चौक पर दर्शन पासधारकों, बिना जूते-चप्पल आने वाले और जूते-चप्पल के साथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें रहेंगी। जगमोहन के लिए भी अलग व्यवस्था की जाएगी। मंदिर और छावनी क्षेत्र में जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था नहीं होगी। श्रद्धालुओं को इन्हें अपने वाहनों में छोड़कर आने अथवा पुरानी विधानसभा के पास बनाए गए स्टैंड का उपयोग करने की सलाह दी गई है। प्रवेश से दर्शन और निकासी तक श्रद्धालुओं को करीब 5 से 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ सकता है। दर्शन के बाद निकासी जय निवास बाग के पूर्वी और पश्चिमी गेट से होगी। प्रवेश मार्ग की ओर वापस जाने की अनुमति नहीं होगी। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए करीब एक हजार कार्यकर्ता तथा एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। 10 मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम से निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड और एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई हैं।

#### चारदीवारी में सिटी बस-ऑटो बंद

जन्माष्टमी पर चारदीवारी क्षेत्र में पब्लिक ट्रांसपोर्ट बंद रहेगा। जेसीटीएसएल की सिटी बसों का परकोटे में प्रवेश नहीं होगा। ई-रिक्शा, ऑटो, ई-ऑटो और हल्के मालवाहकों का संचालन भी परकोटा क्षेत्र, एमआई रोड पर गवर्नमेंट हॉस्टल से मिनर्वा, अशोका मार्ग से यादगार और रामनिवास बाग के भीतर प्रतिबंधित रहेगा। श्रद्धालुओं से मेट्रो का अधिकतम उपयोग करने की अपील की गई है। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्यूआर कोड आधारित डिजिटल सुविधा जारी की गई है। इसे स्कैन करने पर नजदीकी पार्किंग स्थल, पार्किंग की लाइव उपलब्धता, यातायात डायवर्जन, वैकल्पिक मार्ग और स्थानीय मानचित्र की जानकारी मिल सकेगी।

#### इन मार्गों पर रहेगा नो-व्हीकल जोन

तालकटोरा रोड, झूलेलाल मार्ग तिराहा, पर्यटक थाना तिराहा, ग्लोब ट्रांसपोर्ट से गोविंददेवजी मंदिर, बांदरवाल गेट से जलेब चौक, बड़ी चौपड़ से सुभाष चौक और शार्दुल सिंह की नाल से आतिश मार्केट-जलेब चौक तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। बड़ी चौपड़ से जोरावर सिंह गेट तथा सुभाष चौक से बड़ी चौपड़ के बीच केवल पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी। चांदपोल से छोटी चौपड़, अजमेरी गेट से छोटी चौपड़, चौगान चौराहा से छोटी चौपड़, छोटी चौपड़ से बड़ी चौपड़, रामनिवास बाग चौराहा से त्रिपोलिया टी-पॉइंट, सांगानेरी गेट से छोटी चौपड़ तथा गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहा से गुरुद्वारा मोड़ तक सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

#### यहां कर सकेंगे वाहन पार्क

श्रद्धालुओं के लिए रामनिवास बाग भूमिगत पार्किंग, चौगान स्टेडियम, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जौहरी बाजार, चौड़ा रास्ता, किशनपोल बाजार, त्रिपोलिया बाजार, रामलीला मैदान, राधा गोविंद राजकीय कॉलेज के पास तथा राष्ट्रीय आयुर्वेदिक संस्थान के पास पार्किंग व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं से रामनिवास बाग पार्किंग का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। एमआई रोड पर गवर्नमेंट हॉस्टल से सांगानेरी गेट, अशोका मार्ग और परकोटे के मुख्य बाजारों में निर्धारित पार्किंग के अलावा नो-पार्किंग व्यवस्था रहेगी।

#### बैग-पर्स और बाहर के प्रसाद पर रोक


सुरक्षा के मद्देनजर श्रद्धालुओं से बैग, थैले, लेडीज पर्स, कीमती सामान, लैपटॉप, कैमरा, फल, मिठाई, नारियल और बाहर से प्रसाद नहीं लाने की अपील की गई है। हेलमेट भी वाहन में ही रखने को कहा गया है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों तथा हृदय, बीपी, डायबिटीज और सांस संबंधी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को भीड़ से बचने की सलाह दी गई है। ऐसे श्रद्धालु गोविंदम ऐप या मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव दर्शन कर सकते हैं। श्रद्धालुओं से पानी की बोतल साथ रखने, धक्का-मुक्की से बचने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की गई है। संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तत्काल पुलिस या मंदिर प्रशासन को सूचना देने को कहा गया है।

#### इस्कॉन और अक्षय पात्र मंदिर के लिए भी डायवर्जन

मानसरोवर स्थित इस्कॉन मंदिर के आसपास इस्कॉन मंदिर तिराहा, वंदे मातरम रोड और इस्कॉन तिराहा-मुहाना मंडी की ओर जाने वाले सामान्य यातायात को समानांतर मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। गोवर्धन हाइट्स से इस्कॉन मंदिर और मुहाना मंडी की ओर भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। खरबास सर्किल से भी मंदिर की ओर जाने वाले वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। जगतपुरा स्थित अक्षय पात्र मंदिर के लिए बॉम्बे अस्पताल चौराहा से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जीवन रेखा अस्पताल तिराहा, एनआरआई चौराहा, डी-मार्ट चौराहा, द्वारकापुरी सर्किल और एसबीआई तिराहा से मंदिर की ओर आने वाले सामान्य यातायात को समानांतर मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा। ज्ञान विहार मार्ग तिराहा से अक्षय पात्र मंदिर की ओर यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

#### मंदिरों में भी होंगे विशेष आयोजन

गोविंददेवजी के अलावा गोपीनाथजी, राधा-दामोदरजी, ब्रजनिधि, आनंद कृष्ण बिहारी, राधा माधवजी, नटवरजी, कुंज बिहारीजी, श्री गोपालजी नागा, तालाब वाले श्री गोपालजी, मुरली मनोहरजी और रोपाड़ा गोपालजी मंदिरों में भी जन्माष्टमी उत्सव होंगे। श्रीकृष्ण बलराम मंदिर में कर्नाटक से मंगाए फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। गुप्त वृन्दावन धाम में रंग-बिरंगी रोशनी, दिनभर महामंत्र जाप-कीर्तन और मध्यरात्रि में महाआरती होगी। गोपीनाथजी मंदिर, राधा-दामोदरजी, लक्ष्मीनारायण मंदिर, कनक वृंदावन स्थित राधा गोविंददेवजी मंदिर, महेश नगर, मानसरोवर सहित अन्य मंदिरों में भी विशेष सजावट और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस्कॉन मंदिर में विशेष लीलाएं, भजनामृत और प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।



#### 5 सितंबर को निकलेगी शोभायात्रा

जन्माष्टमी के अगले दिन 5 सितंबर को शाम 4 बजे गोविंददेवजी मंदिर से शोभायात्रा निकलेगी। यह जलेब चौक, सिरहड्योढ़ी बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यूगेट, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार और बगरू वालों के रास्ते से होते हुए गोपीनाथजी मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा के दौरान यातायात और सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम रहेंगे।

#### प्रशासन ने दिए विभागों को निर्देश

जिला कलक्टर संदेश नायक ने संबंधित विभागों को जन्माष्टमी और शोभायात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस को सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात और पार्किंग के साथ शोभायात्रा मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल लगाने को कहा गया है। नगर निगम को सफाई, रोशनी, कचरा प्रबंधन, पेयजल, अतिक्रमण हटाने और बैरिकेडिंग की व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा विभाग को प्रमुख मंदिरों और शोभायात्रा मार्ग पर एम्बुलेंस व मेडिकल टीमें तैनात करने तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और ढीले तार दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

## घर पर ही युवक की हुई संदिग्ध मौत

अमित प्रजापत



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मंगलवार रात्रि को होलीधोरा में 22 वर्षीय युवक जावेद पुत्र युसूफ कायमखानी बाथरूम में जाते वक्त गिरकर बेहोश हो गया। फिर उसे परिजन सरकारी अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर पप्पू राम मीणा अस्पताल पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। पुलसि ने शव को मोर्चरी में रखवाया। बुधवार सुबह डीएसपी अनुज शुभम, सीआई मुकेश कुमार भी पुलिस जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंचे तथा पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की रिपोर्ट के अनुसार जावेद बाथरूम जा रहा था, इस दौरान अचानक बेहोश होकर गिर गया था, उन्हें उसकी मृत्यु पर कोई संदेह नहीं है। परिवार जन घर पर ही मौजूद थे। सम्भवत: हार्ट अटैक की सम्भावना जताई जा रही है।

## दीपाली गुर्जर ने नेट में हासिल किए 95 पर्सेंटाइल

अमित प्रजापत



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सेंट्रल युनिवर्सिटी की छात्रा दीपाली गुर्जर ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में अर्थशास्त्र विषय से शानदार सफलता हासिल की है। उन्होंने 94.80 पर्सेंटाइल प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी प्रवेश के लिए पात्रता हासिल की। पिता जगदीश गुर्जर एवं माता सीपू देवी की सुपुत्री दीपाली की इस उपलब्धि पर परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी सफलता पर पुखराज, भागीरथ, लक्ष्मीनारायण, रामकरण, जगदीश, कुनाराम, कमल, जितेंद्र, बलवीर, धीरज, लोकेश एवं यशवंत सहित सभी पारिवारिक सदस्यों ने मिठाई वितरित कर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। दीपाली ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और अपनी नियमित कड़ी मेहनत को दिया है।

## बजाज की 34वीं पुण्यतिथि आज

श्रीराम तिवाड़ी



**नोखा ( नवयत्न )।** उपखंड क्षेत्र के हिमटसर गांव में समाजसेवी सेठ स्व. जगन्नाथ बजाज की 34वीं पुण्यतिथि गुरुवार 3 सितंबर को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। ग्रामवासियों की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस बार भी सुबह साढ़े 8 बजे हिमटसर मूर्ति परिसर में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार हिमटसर में जन्मे सेठ स्व. जगन्नाथ बजाज समाजसेवा एवं गरीबों की सहायता के लिए समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्हें तत्कालीन महाराजा गंगासिंह द्वारा चांदी की छड़ी एवं खरपतवार से सम्मानित किया गया था तथा राजदरबार में उन्हें वीआईपी दर्जा प्राप्त था। वैद्य धनराज शर्मा ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर हवन, माल्यार्पण एवं प्रसाद वितरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में हिमटसर सहित आसपास के गांवों तथा दूर-दराज क्षेत्रों से भी गणमान्य लोग शामिल होंगे। ग्रामवासी प्रतिवर्ष सेठ स्व. जगन्नाथ बजाज की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाकर उनके समाजसेवा एवं जनकल्याण के कार्यों को स्मरण करते हैं।

## दादाजी महाराज के दो दिवसीय जन्मोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, लाखों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

ललित दाधीच




**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती सिद्धपीठ परसनेऊ धाम में हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादाजी महाराज का दो दिवसीय जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव के दौरान राजस्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु परसनेऊ धाम पहुंचे और दादाजी महाराज के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं देश में खुशहाली की कामना की। देर शाम तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। मंदिर के पुजारी जगदीश, श्रवण एवं किशन ने बताया कि दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत मंगलवार रात विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय एवं बाहर से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्तिरस में डुबोए रखा। भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए। बुधवार सुबह दादाजी महाराज का विशेष श्रृंगार कर महाआरती एवं ज्योत का आयोजन किया गया। इसके बाद महाप्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर प्रांगण में अक्षय आइडल कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसमें जूनियर कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 20 से अधिक प्रतिभाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छापर के राघव शर्मा ने प्रथम, बंडवा के शिवशंकर शर्मा ने द्वितीय तथा सांडवा के पुनीत दाधीच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अक्षय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 20 प्रतिभाओं ने भाग लिया। दादा चालीसा का सर्वाधिक पाठ करने वाले 80 भक्तों को भी सम्मानित किया गया। भक्तों का अभिनंदन पत्र एवं मोमेंटो देकर तथा दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। जन्मोत्सव में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा एवं रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा भी पहुंचे और दादाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा ने कहा कि परसनेऊ धाम ऐसा धार्मिक स्थल है, जहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने दादाजी महाराज से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब वे पहली बार चुनाव मैदान में उतरे थे, तब उन्होंने अपना नामांकन पत्र दादाजी महाराज के चरणों में रखकर आशीर्वाद लिया था। इसके बाद उन्हें चुनाव में विजय मिली और दादाजी महाराज के दर्शन भी हुए। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में स्थित परसनेऊ धाम देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में रहने वाले श्रद्धालुओं की भी आस्था का केंद्र है। यहां राजस्थान सहित देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं और दादाजी महाराज के दरबार में अपनी मनोकामना लेकर आते हैं।

#### फूलों से सजा मंदिर, श्रद्धालुओं के लिए रही व्यापक व्यवस्था

जन्मोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिए हनुमान सेवा समिति एवं दादा भक्तों की ओर से खाने-पीने, चाय-नाश्ते सहित विभिन्न व्यवस्थाएं की गई। ग्रामीणों ने भी श्रद्धालुओं की सहायता के लिए जगह-जगह वालंटियर तैनात किए। जन्मोत्सव के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए। थाना प्रभारी बेगाराम मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने व्यवस्थाएं संभाली। हनुमान सेवा समिति की ओर से पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं के लिए आभार जताया गया। मन्दिर समिति ने दो दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, ग्रामीणों, सेवा समिति के सदस्यों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र शर्मा ने किया।

## बचपन स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** बचपन स्कूल लाडनूं में बुधवार को नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्नों द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बच्चे भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के मनमोहक स्वरूप में सज-धजकर विद्यालय पहुंचे। नन्हे कृष्णों के सिर पर सजे मोरपंख, हाथों में बांसुरी तथा राधा के आकर्षक पारंपरिक परिधानों ने विद्यालय परिसर को वृंदावन की मनोहारी झलक से सजा दिया। कार्यक्रम में बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं रासलीला से परिचित करवाया गया तथा जन्माष्टमी पर्व के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व की जानकारी रोचक ढंग से दी गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सर्वाधिक मनमोहक राधा-कृष्ण सम्मान रहा। कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजे दर्श एवं प्रियांशु को सर्वाधिक मनमोहक कृष्ण तथा राधा के सुंदर स्वरूप में सजी हनिष्का सोनी एवं वेदांशी को सर्वाधिक मनमोहक राधा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य हर्षिता जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। विद्यालय में विभिन्न पर्वों को बच्चों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जाता है, जिससे उनमें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति रुचि और संस्कार विकसित होते हैं।

## यूडीएच मंत्री खर्रा ने किया आम के पौधे का रोपण

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राज्य के यूडीएच मंत्री एवं श्रीमाधोपुर विधायक झाबर सिंह खर्रा ने भारतीय कुमावत क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं अधि स्वीकृत पत्रकार के वार्ड 25 में स्थित निवास पर आम का पौधा लगाकर नगर, राज्य और देश के विकास और मजबूत राष्ट्र की कामना की। विधायक झाबर सिंह खर्रा ने घोड़ेला हाउस में हरियाली और विविध फलदार पौधों को देखा और बधाई दी।

## कल धूमधाम से मनाया जाएगा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** लाहोटी चौक स्थित अयोध्या धाम में नोखा तहसील चातुर्मास सत्संग समिति के तत्वावधान में शुक्रवार, 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दिनभर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। समिति के मीडिया प्रभारी इंद्रचंद मोदी ने बताया कि जन्माष्टमी के पावन पर्व पर श्रीकृष्ण कथा सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। दोपहर 4 से शाम 6 बजे तक वृंदावन से पधारे पूज्य स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज द्वारा श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की मधुर कथा का श्रवण कराया जाएगा। इसके बाद रात 9 बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का मुख्य महोत्सव आयोजित होगा। इसमें भजन-कीर्तन के साथ भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

#### राधा-कृष्ण प्रतियोगिता रहेगी आकर्षण का केंद्र

महोत्सव में बच्चों के लिए कृष्ण-राधा वेशभूषा प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 1100 रुपये, द्वितीय को 700 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं पांच सांत्वना पुरस्कार के रूप में 100-100 रुपये दिए जाएंगे। प्रतियोगिता को भव्य रूप देने एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी गिरधारी पारीक, नारायण राठी, पवन चांडक, प्रिया राठी, रमेश मालानी एवं जुगल लोहिया को सौंपी गई है। कार्यक्रम के समापन पर भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समिति के पदाधिकारी प्रहलाद मोहता एवं दामोदर तिवारी ने क्षेत्र के सभी सनातनी परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मलाभ लेने एवं जन्माष्टमी महोत्सव की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया।

## 54 वर्ष पुराने गोपाल मंदिर में राधा रानी की दिव्य प्रतिमा स्थापित

### राधा-कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा गौशाला परिसर

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला परिसर में स्थित 54 वर्ष पुराने भगवान श्रीकृष्ण के प्राचीन गोपाल मंदिर में बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण के बीच श्री राधा रानी की दिव्य संगमरमर प्रतिमा की विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापना की गई। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत आयोजित इस पावन अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान करण श्रीमाल सुपुत्र जुगलकिशोर श्रीमाल एवं उनकी धर्मपत्नी हेतल जैन रहे। मूर्ति स्थापना से पूर्व श्रीराधा रानी की सुंदर संगमरमर प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचामृत अभिषेक एवं जलाभिषेक किया गया। इसके बाद विभिन्न प्रकार के पुष्पों, वस्त्रों एवं आभूषणों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। दिव्य स्वरूप में सजी राधा रानी की प्रतिमा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। रतनगढ़ से पधारे विद्वान पंडित श्यामसुंदर चोटिया, गौरव जोशी एवं विद्वान पंडित बृजेश दाधीच ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाए। शुभ मुहूर्त में विधिवत प्रतिमा स्थापना के बाद हवन यज्ञ किया गया, जिसमें मुख्य यजमान परिवार सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस विशेष अवसर पर 54 वर्ष पुराने श्री गोपाल मंदिर को आकर्षक फूलों एवं विद्युत सजावट से भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर में राधा-कृष्ण के जयकारे गूंजते रहे और पूरा गौशाला परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने नई स्थापित प्रतिमा के दर्शन कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। धार्मिक अनुष्ठान की पूर्णाहुति के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर श्री राजलदेसर गौशाला समिति के पदाधिकारी मंगतमल पांडिया, ललित दाधीच, डॉ हीरालाल सोनी, गणेश रेवाड़िया, परमेश्वर फोगला, मुकेश श्रीमाल, रतनलाल बारूपाल, भुवनेश्वर शर्मा, वीरेंद्र लाटा, मांगीलाल प्रजापत, हनुमान सोनी, पूनमचंद गर्ग, सीताराम गर्ग, महावीर पारीक, राजेश सोनी, अजीत सुथार, राजेंद्र राजपुरोहित, खेमचंद बरड़िया, पवन बोथरा, गोविंद सिंह कठोड़, गणेश सोनी, श्रीकृष्ण स्वामी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालुओं ने भी भागीदारी निभाई। श्री राजलदेसर गौशाला समिति की ओर से मुख्य यजमान करण श्रीमाल एवं उनके परिवार के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करवाने वाले सभी विद्वान पंडितों का आभार व्यक्त किया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि श्री गोपाल मंदिर में राधा रानी की प्रतिमा स्थापना से मंदिर की धार्मिक गरिमा और अधिक बढ़ेगी तथा अब श्रद्धालुओं को राधा-कृष्ण के युगल स्वरूप के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा।



# नवरात्र के लिए आईआरसीटीसी का स्पेशल टूर
## 7 दिनों में करें वैष्णो देवी समेत 6 शक्तिपीठों के दर्शन




अगर आप भी इस शारदीय नवरात्र देवी मां के दर्शन कर उनका आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन आपके लिए एक बेहतरीन मौका लेकर आया है। जी हां, आईआरसीटीसी ने खास तौर पर नवरात्र स्पेशल शक्तिपीठ टूर लॉन्च किया है। मुंबई से शुरू होने वाले इस हवाई टूर में आपको उत्तर भारत के खूबसूरत पहाड़ों के बीच स्थित 6 प्रमुख देवी मंदिरों के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। आइए, डिटेल में जान लीजिए इससे जुड़ी कुछ जरूरी बातें।

### टूर पैकेज से जुड़ी जरूरी बातें

- **यात्रा की अवधि:** 6 रातें और 7 दिन
- **यात्रा की तारीख:** 11 अक्टूबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026 तक
- **कहां-कहां घूमेंगे:** चंडीगढ़, चिंतपूर्णी, कांगड़ा, धर्मशाला और कटरा
- **यात्रा का माध्यम:** इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (मुंबई से दिल्ली और वापसी में जम्मू से मुंबई)

### किन-किन देवी मंदिरों के होंगे दर्शन?

इस खास आध्यात्मिक सफर में यात्रियों को माता मनसा देवी, श्री नैना देवी, माता ज्वाला जी, कांगड़ा देवी, चामुंडा देवी और माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाने का मौका मिलेगा।

### कैसा रहेगा आपका पूरा सफर...?


- **पहला दिन:** आपकी यात्रा मुंबई से दिल्ली की फ्लाइट के साथ शुरू होगी। दिल्ली पहुंचने के बाद आपको बाय-रोड से चंडीगढ़ ले जाया जाएगा। रास्ते में माता मनसा देवी मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे और रात का आराम चंडीगढ़ में होगा।
- **दूसरा दिन:** सुबह नाश्ते के बाद यात्री बिलासपुर में पहाड़ी पर स्थित श्री नैना देवी मंदिर जाएंगे। उसके बाद चिंतपूर्णी माता के दर्शन होंगे। रात में चिंतपूर्णी या कांगड़ा के होटल में रुकने की व्यवस्था होगी।
- **तीसरा दिन:** तीसरे दिन आपको धर्मशाला ले जाया जाएगा। रास्ते में माता ज्वाला देवी और कांगड़ा के ब्रजेश्वरी मंदिर के दर्शन होंगे। रात धर्मशाला में गुजरेगी।
- **चौथा दिन:** धर्मशाला में चामुंडा देवी मंदिर के दर्शन होंगे। इसके अलावा आपको दलाई लामा मोनेस्ट्री, खूबसूरत धर्मशाला स्टेडियम और भागसू नाग मंदिर भी घुमाया जाएगा।
- **पांचवां, छठा और सातवां दिन:** धर्मशाला से कटरा की यात्रा होगी, जहां आप माता वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे। दर्शन के बाद यात्रा के अंतिम दिन जम्मू एयरपोर्ट से मुंबई के लिए वापसी की फ्लाइट होगी।

### कितना होगा पैकेज का खर्च?

आईआरसीटीसी ने इस पैकेज को यात्रियों की सहूलियत के हिसाब से अलग-अलग श्रेणियों में बांटा है:
तीन लोगों के साथ ठहरने पर: 53,000 प्रति व्यक्ति
दो लोगों के साथ ठहरने पर: 55,000 प्रति व्यक्ति
अकेले ठहरने पर: 67,600
बच्चों के लिए (5 से 11 साल): बेड के साथ 46,500 और बिना बेड के 44,200
छोटे बच्चे (2 से 5 साल): बिना बेड के 37,400
ध्यान दें, 0-2 साल के बच्चों का किराया बुकिंग के समय ग्राहक को सीधे आईआरसीटीसी ऑफिस में नकद जमा करना होगा।

**48 घंटे पहले करें वेब चेक-इन**-यात्रियों को फ्लाइट का वेब चेक-इन यात्रा से 48 घंटे पहले खुद करना होगा। कैंसिलेशन के मामले में 21 दिन पहले बुकिंग रद्द करने पर 30% और 7 दिन या उससे कम समय बचने पर कोई रिफंड नहीं मिलेगा।

# लिवर की कमजोरी दूर करने के लिए करें ये योगासन





आज की तेजी से भागती दुनिया में हर कोई व्यस्त है। फिर चाहे वह बच्चे हों या वयस्क। इसी वजह से दुनियाभर में तनाव का स्तर बढ़ता जा रहा है। नतीजतन लोगों में मधुमेह, हृदय संबंधी बीमारियों के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इसका असर हमारे लिवर पर भी नजर आता है। लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो कि लाल-भूरे रंग का होता है। यह रक्त को छानने, दवाओं को चयापचय करने, लिपिड चयापचय के लिए वसा को तोड़ने और शरीर से टॉक्सिक चीजों को बाहर निकालने का काम करता है। इन्हीं बिंदुओं से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह अंग हमारे शरीर के लिए कितना उपयोगी है। हमारा स्वस्थ और तंदरुस्त रहने के लिए जरूरी है कि हमारा लिवर सुचारू रूप से काम करे। लेकिन कई बार बुरी आदतों, खराब खानपान, बिगड़ी हुई जीवनशैली के कारण ऐसी समस्या हो जाती है जिससे लिवर पर बुरा असर पड़ता है और कई खतरनाक बीमारियां घेर लेती है। लिवर हमेशा सही तरह से कार्यरत रहे, इसके लिए कुछ योगासनों को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया जा सकता है।

**अधोमुख श्वानासन :** अधोमुख श्वानासन कई गंभीर बीमारियों से बचाव करने में सहायक है। इन्हीं में हेपेटाइटिस जैसी बीमारियां भी शामिल हैं। दरअसल इस आसन को नियमित रूप से करने से लिवर में सूजन की समस्या का जोखिम कम होता है। इस तरह यह लिवर को दुरुस्त रखता है और हेपेटाइटिस की आशंका में भी कटौती करता है। यह आसन सूर्यनमस्कार के 7 आसनों में से एक है। लिवर को सही रखने के साथ-साथ यह योगासन मांसपेशियों को मजबूती देता है, रक्त संचार बढ़ाता है और पाचनतंत्र को बेहतर रखता है।

**धनुरासन :** धनुरासन लिवर के लिए बहुत ही कारगर आसन है। इस आसन को करते समय शरीर के ऊपरी हिस्से में खिंचाव पड़ता है, जिससे लिवर बेहतर और सक्रिय तरीके से काम करने में सक्षम होता है। साथ ही इस योगासन के नियमित रूप से करने की वजह से लिवर मजबूत बनता है। अगर किसी को फैटी लिवर की प्रॉब्लम है, तो उन्हें भी यह आसन रेग्युलर करना चाहिए। इससे लिवर की समस्याएं भी कम होती हैं। मगर धुनारसन करने से पहले आपको कुछ बातों को अपने जहन में बैठा लेना चाहिए जैसे इस आसन का अभ्यास हमेशा खाली पेट करना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार जरूरी है कि धुनरासन को सुबह खाली पेट किया जाए। धनुरासन लिवर के साथ-साथ शरीर के अन्य अंगों के लिए भी बहुत उपयोगी आसन है। खासकर मौजूद समय में जब ज्यादातर लोग टेबल वर्क करते हैं, इस आसन की मदद से पीठ मजबूत होती है और पेट के निचले हिस्से की मांसपेशियां भी मजबूत बनती हैं।

**पद्मासन :** पद्मासन भी लिवर के लिए बहुत अच्छा आसन माना जाता है। इस आसन को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाया जा सकता है। इससे फैटी लिवर को दुरुस्त किया जा सकता है और लिवर की कमजोरी भी दूर होती है। इसके अलावा पद्मासन के नियमित अभ्यास की वजह से बेचैनी कम होती है, मन शांत रहता है। इस आसन को करते समय दोनों पैरों को पंखुड़ियों की तरह मोड़कर कमरे के पास रखा जाता है। पद्मासन शरीर के सभी चक्रों को बेहतर तरीके से काम करने में भी मदद करता है।

**चक्रवाकासन :** इस आसन को मुख्य रूप से फैटी लिवर को ठीक करने के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो इस आसन की मदद से अबाधित ऑक्सीजन और रक्त का प्रवाह बेहतर होता है। इस तरह यह लिवर को दुरुस्त रखने में मदद करता है। इस आसन को 4-6 घंटे बाद करना चाहिए। इस आसन को नियमित रूप से करने की वजह से गर्दन की समस्याएं ठीक होती हैं, शारीरिक मुद्रा और संतुलन में सुधार होता है जिससे पीठ, कमर और गर्दन के दर्द से भी आराम मिलता है।

**भुजंगासन :** भुजंगासन सबसे आसान आसनों में से एक है। इस आसन को भी आप नियमित रूप से पांच मिनट के लिए कर सकते हैं। वैसे आप जितनी देर सहज महसूस करें, उतनी देर तक कर सकते हैं। इस आसन की मदद से सिरोसिस और फैटी लिवर के खतरे को कम किया जा सकता है। इसके अलावा भी भुजांगसन के कई अन्य लाभ मिलते हैं, जैसे कंधे में दर्द, पीठ दर्द और कमर दर्द की समस्याओं से आराम मिलता है। साथ ही बॉडी स्ट्रेच होती है और गर्दन को सपोर्ट करने वाली मांसपेशियों को मजबूत मिलती है।

# खो गई है त्वचा की चमक तो लगाएं हल्दी के ये उबटन

चेहरे को चमकाने के लिए, तो लोग कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार लगातार धूप में रहने की वजह से शरीर की चमक चली जाती है। जिससे शरीर की स्किन काफी बुझी लगती है। ऐसे में स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए हल्दी के उबटन का इस्तेमाल किया जा सकता हैं। हल्दी के उबटन शरीर पर लगाने से स्किन की कई समस्याएं आसानी से दूर होती हैं। कई लोग शरीर की चमक को बढ़ाने के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। ये ब्यूटी प्रोडक्ट्स महंगे होने के साथ नियमित इनके इस्तेमाल से स्किन को नुकसान भी हो सकता हैं। हल्दी के ये उबटन लगाने से शरीर चमकदार बनने के साथ स्किन का कालापन भी दूर होगा।



### हल्दी और बेसन का उबटन

**सामग्री :**

- 2 चम्मच- हल्दी
- 1 चम्मच- गुलाबजल
- 2 चम्मच- दूध
- 1 चम्मच- बादाम पाउडर
- 2 चम्मच- बेसन

### उबटन बनाने का तरीका

हल्दी और बेसन का उबटन बनाने के लिए सभी सामग्री को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को शरीर पर लगाकर हल्के हाथ से मसाज करें। 10 से 15 मिनट तक इस उबटन को शरीर पर लगा रहने दें। उसके बाद शरीर को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ध्यान रखें उबटन लगाने के बाद साबुन का इस्तेमाल न करें। इस उबटन को लगाने से शरीर की रंगत में निखार आएगा और टैनिंग भी दूर होगी।

### हल्दी और नींबू का रस का उबटन

**सामग्री :**

- 2 चम्मच- हल्दी पाउडर
- 2 चम्मच- नींबू का रस
- 2 चम्मच- दूध
- 1 चम्मच- गुलाबजल
- 2 चम्मच- बेसन

### उबटन बनाने का तरीका

हल्दी और नींबू के रस का उबटन बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को शरीर पर 10 से 15 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद शरीर पर उबटन हटाने से पहले हल्के हाथ से मसाज करें। उसके बाद गुनगुने पानी से नहा लें। ये उबटन लगाने से शरीर अंदरूनी तौर पर साफ होता है और स्किन को पोषण भी मिलता है।

### हल्दी और चंदन पाउडर का उबटन

**सामग्री :**

- 2 चम्मच- चंदन पाउडर
- 2 चम्मच- गुलाबजल
- 2 चम्मच- हल्दी
- 2 चम्मच- दूध

### उबटन बनाने का तरीका

हल्दी और चंदन पाउडर का उबटन बनाने के लिए सभी सामग्री को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को शरीर पर 15 से 20 मिनट के लिए लगा रहने दें औप हल्के हाथ से मसाज भी करें। इस तरह से उबटन लगाने से शरीर की रंगत में निखार आता है और त्वचा में ग्लोइंग भी बनती है।

# चेहरे पर लगाएं चंदन और हल्दी फेस पैक खूबसूरती बढ़ेगी और मिलेंगे कई फायदे

**बढ़ते प्रदूषण की वजह से त्वचा पर कई तरह के दुष्प्रभाव पड़ते हैं। आज के दौर में बढ़ते काम की वजह से लोगों को सोने तक का समय नहीं मिल पाता है, जिसकी वजह से आंखों के नीचे काले घेरे होने लगते हैं। इसके साथ ही त्वचा पर झुर्रियां भी आने लगती है। इसके बाद इन समस्या से बचने के लिए जब आप ब्यूटी प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये ब्यूटी प्रोडक्ट आपकी त्वचा पर कई तरह के हानिकारक प्रभाव छोड़ते हैं। इससे आपकी त्वचा में और परेशानियां उभरने लगती है। यदि आप समय से पहले त्वचा में बुजुर्ग होने के संकेत नहीं देखना चाहते हैं, तो ऐसे में आप दादी व नानी के कुछ आसान उपायों को अपना सकते हैं। इन उपायों में हल्दी और चंदन का उपयोग सालों से किया जा रहा है। यकिन मानिये चंदन और हल्दी दोनों में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण मौजूद होते हैं। जो आपकी त्वचा को दोबारा से निखारने और त्वचा की लगभग सभी समस्याओं को दूर करने का काम करते हैं। चंदन और हल्दी के नियमित उपयोग से आपकी त्वचा चमकदार और बेदाग बनती है।**



### त्वचा को चमकदार बनाता है चंदन और हल्दी का फेसपैक -

स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए आप चंदन और हल्दी के फेसपैक का उपयोग कर सकते हैं। इससे त्वचा के रंग में सुधार होता है। साथ ही चेहरे पर दिखने वाले पैच भी दूर होते हैं। इसके साथ ही झांइयां भी कम होने लगती है। अगर आप चंदन और हल्दी का फेसपैक नियमित रूप से इस्तेमाल करते हैं तो इससे आपकी त्वचा का रंग एक समान बनता है। हल्दी और चंदन के इस्तेमाल से चेहरे पर होने वाले पिंपल्स के दाग भी साफ होने लगते हैं।

### डेड सेल्स को करें दूर

चंदन और हल्दी से बने फेसपैक में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, इसको आप उबटन के रूप में भी उपयोग कर सकते हैं। इससे त्वचा की मृत कोशिकाएं (डेड सेल्स) साफ होती है। इसके साथ ही त्वचा में दाग धब्बे होने की संभावना कम हो जाती है। डेड सेल्स चेहरे पर इकट्ठा होकर मुंहासों की समस्या का मुख्य कारण बनते हैं।

### चंदन और हल्दी के फेसपैक से झुर्रियों को करें कम

कुछ लोगों के चेहरे पर समय से पहले ही झुर्रियां होने लगती है। इस समस्या को करने के चेहरे की त्वचा में कसाव लाने के लिए चंदन और हल्दी का फेसपैक बेहद उपयोगी सिद्ध होता है। यदि आप इस फेसपैक में दूध का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे त्वचा पर दिखने वाले एंजिंग के लक्षण धीरे धीरे कम होने लगते हैं।

### चंदन और हल्दी से ड्राई स्किन को मॉइश्चर

यदि आपको ड्राई स्किन की समस्या है तो आप चंदन और हल्दी के फेसपैक का उपयोग कर सकते हैं। इस फेसपैक में दही मिलाकर लगाने से त्वचा में मॉइश्चर आता है और त्वचा का रूखापन दूर होता है। सप्ताह में दो बार इसे उपयोग करने से आपको चेहरे पर फर्क देखने को मिलेगा।

### चंदन और हल्दी के फेसपैक से त्वचा ऑयल करें बैलेंस

चंदन और हल्दी के फेसपैक से आप त्वचा के ऑयल का बैलेंस कर सकते हैं। अगर आप चंदन और हल्दी के फेसपैक में नींबू का रस मिलाते हैं तो इससे आपके चेहरे की त्वचा का ऑयल बैलेंस होता है।

# सुबह इन फूड्स से नहीं करनी चाहिए दिन की शुरुआत, सेहत को होते हैं कई नुकसान

अक्सर हम देखते हैं कि कुछ लोग पाचन से जुड़ी समस्याओं से आए दिन परेशान रहते हैं। उन्हें भोजन को पचाने में काफी दिक्कतें आती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, यह लंबे समय में कई गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकता है और क्रोनिक कंडीशन का कारण बन सकता है? हम लोगों के साथ ऐसा होने का एक बड़ा कारण गलत तरीके से अपने दिन की शुरुआत करना है। सुबह खाली पेट या सबसे पहले हम क्या खाते हैं, यह हमारे स्वास्थ्य में बहुत अहम भूमिका निभाता है। लोग सुबह खाली पेट कई ऐसी चीजों का सेवन करते हैं, आपके पाचन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इससे पेट संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और आपका पूरा दिन थकान के साथ गुजरता है। नियमित इस तरह की खानपान से जुड़ी आदतों के चलते भविष्य में गंभीर दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं। सुबह के समय ऐसे फूड्स का सेवन करने की सलाह दी जाती है, जो प्रकृति में गर्म, पौष्टिक हों और शरीर में हाइड्रेशन को बढ़ावा दें। ऐसा इसलिए क्योंकि सुबह के समय हमारी पाचन अग्नि मंद या कमजोर होती है, इसलिए अगर आप ठंडी प्रकृति वाले और भारी फूड्स का सेवन करते हैं, तो यह ठीक से पच नहीं पाते हैं। इससे पाचन प्रभावित होता है और पेट संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

**शेक और स्मूदी :** बहुत से लोग शरीर को डिटॉक्स करने के लिए सुबह जूस, शेक और स्मूदी आदि जैसे ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। लेकिन तासीर में ठंडे होने की वजह से यह हमारे पाचन लिहाज से ठीक नहीं हैं। यह पाचन अग्नि को अधिक मंद करने का काम करते हैं और मेटाबॉलिज्म रेट को भी प्रभावित करते हैं। साथ ही शरीर में कफ दोष को बढ़ाते हैं। इसके अलावा यह सर्दी-खांसी का कारण भी बन सकते हैं।

**प्रोटीन रिच फूड्स :** प्रोटीन शरीर के लिए बहुत जरूरी पोषक तत्व है, लेकिन इसे पचाने में हमारे पाचन तंत्र को काफी मेहनत करनी पड़ती है। यह पचने में काफी भारी होता है। ऐसे समय में प्रोटीन का सेवन करना, जिस समय पहले से आपकी क्रिया ठीक से काम नहीं करती है आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसके कारण आपको पेट में गैस, ब्लोटिंग, कब्ज आदि जैसी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि, आप ब्रेकफास्ट और लंच में अच्छे प्रोटीन रिच फूड्स का सेवन कर सकते है।

**नींबू पानी :** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए यह सबसे अधिक पिए जाने वाले



ड्रिंक्स में से एक है। लोग वजन घटाने के लिए इसका सेवन काफी अधिक करते हैं। लेकिन नींबू पानी की प्रकृति अम्लीय होती है। अगर आप सुबह खाली पेट इसका सेवन करते हैं, तो यह पाचन में गड़बड़ का कारण बन सकता है।

**गर्म पानी और शहद :** सुबह खाली पेट गर्म पानी में शहद मिलाकर इसका सेवन करना भी बहुत आम है। नींबू पानी की तरह ज्यादातर लोग इसका भी सेवन काफी करते हैं। लेकिन वे यह नहीं जानते हैं कि गर्म पानी में आप शहद मिलाते हैं यह एक जहर के समान काम करता है। क्योंकि गर्म पानी में शहद क्रिस्टलाइज हो जाता है और इसमें फ्री-रेडिकल्स बनाना शुरु हो जाते हैं। ऐसे में नियमित इसका सेवन कई गंभीर बीमारियों को न्यौता है।


# झुर्रियों को कम करने के लिए इन तरीकों से चेहरे पर लगाएं आंवला जूस

आंवला शरीर के साथ स्किन की कई समस्याओं को आसानी से दूर करता हैं। आंवले के जूस में भरपूर मात्रा में कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। कई बार पोषक तत्वों मकी कमी, खराब लाइफस्टाइल, कम नींद और गलत प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से चेहरे पर झुर्रियों की समस्या होने लगती हैं। झुर्रियों के कारण उम्र ज्यादा दिखती है। कई लोग झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने के लिए कई तरह की क्रीम्स और सीरम आदि का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। लेकिन नियमित इनका इस्तेमाल चेहरे को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में झुर्रियों की समस्या को कम करने के लिए आंवले के जूस का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**आंवला का जूस और शहद :** जी हां, इन दोनों की मदद से चेहरे की झुर्रियां आसानी से कम होगी। इन दोनों को लगाने के लिए 4 चम्मच आंवले का जूस और 1 चम्मच शहद को मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर 10 से 15 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें। इस तरह से आंवले का जूस लगाने से स्किन ग्लोइंग भी बनती है और झुर्रियां और फाइन लाइन्स की समस्या दूर होती है।


**आंवला का जूस और ऑलिव ऑयल :** आंवला का जूस और ऑलिव ऑयल की मदद से भी झुर्रियों की समस्या को दूर किया जा सकता है। इसके लिए 1 चम्मच ऑलिव ऑयल और 2 चम्मच आंवले का जूस मिलाकर मिश्रण तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर 10 मिनट के लिए लगा लें। उसके बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से वॉश करें। जिन लोगों की ऑयली स्किन है उनको ये लगाने से बचना चाहिए।

**आंवला का जूस और नारियल तेल :** आंवला का जूस और नारियल तेल को मिलाकर भी आसानी से चेहरे पर लगाया जा सकता है। इन दोनों का इस्तेमाल करने के लिए 1 चम्मच नारियल का तेल और 2 चम्मच आंवले का जूस मिलाकर मिश्रण



तैयार करें। अब इस मिश्रण को चेहरे पर 10 मिनट के लिए लगा लें। उसके बाद पानी से वॉश करें। इस तरह से आंवले का जूस लगाने से स्किन ग्लोइंग बनती है।

**आंवले का जूस और केले के पेस्ट :** आंवले का जूस और केले के पेस्ट भी झुर्रियां और फाइन लाइन्स को आसानी से कम किया जा सकता है। 1 केले को मैश को लें फिर उसमें 2 चम्मच आंवले का जूस मिलाकर मिश्रण तैयार करें। इस तैयार से लगाने से पिंपल्स और झाइयों की समस्या दूर होती हैं।



# फर्जी निदेशक बनकर कंपनी से 6.80 करोड़ ठगने वाले चार साइबर ठग गिरफ्तार

## 3.50 करोड़ रुपए होल्ड, सिंगापुर-हांगकांग तक जुड़े तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कंपनी के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगाकर व्हाट्सऐप वेब पर फर्जी निदेशक बनकर 6.80 करोड़ रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का राजस्थान पुलिस की केंद्रीय साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन टीम ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों मयंक कसौटिया, बृजमोहन द्रोण उर्फ लक्की निवासी जयपुर, समानाराम निवासी कुचामन और मोहित यादव उर्फ मोती निवासी सीकर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से ठगी की रकम में से करीब 3.50 करोड़ रुपए विभिन्न बैंक खातों में होल्ड करवाए गए हैं। राशि वापस दिलाने की कार्रवाई जारी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर अपराध विजय कुमार सिंह ने बताया कि जयपुर स्थित एक निजी कंपनी के अकाउंटेंट ने 25 अगस्त को केंद्रीय साइबर अपराध पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के




अनुसार 24 अगस्त को साइबर ठगों ने कंपनी के कंप्यूटर में मौजूद तकनीकी खामी का फायदा उठाकर व्हाट्सऐप तक पहुंच बनाई। इसके बाद कंपनी के निदेशक के नाम और प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर अकाउंटेंट को संदेश भेजे और तत्काल आरटीजीएस से भुगतान करने के निर्देश दिए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अकाउंटेंट के कंप्यूटर में व्हाट्सऐप की संपर्क सूची से वास्तविक निदेशक का नंबर हटाकर अपने नंबर को उसी नाम और प्रोफाइल फोटो के साथ जोड़ दिया। इसके बाद निदेशक और अकाउंटेंट के बीच पहले हुई बातचीत की नकल तैयार कर दी। इससे अकाउंटेंट को लगा कि वह वास्तविक निदेशक से ही बातचीत कर रहा है। ठगों के निर्देश पर कंपनी के खाते से 6.80 करोड़ रुपए तीन बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। ठगी की सूचना मिलते ही केंद्रीय साइबर अपराध पुलिस और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की टीम ने बैंकिंग लेन-देन पर तत्काल कार्रवाई शुरू की। संयुक्त प्रयासों से करीब 3.50 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में रुकवा लिए गए। पुलिस अब यह रकम पीड़ित कंपनी को वापस दिलाने की प्रक्रिया में जुटी है। जांच में सामने आया कि गिरोह ठगी की रकम अपने खातों में रखने के बजाय दूसरे लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। खाते उपलब्ध कराने वालों को 10 से 15 हजार रुपए तक कमीशन दिया जाता था। रकम आने के बाद चेक, एटीएम, यूपीआई, नकद जमा मशीन, डिजिटल वॉलेट और अन्य बैंक खातों के जरिए कई स्तरों पर ट्रांसफर किया जाता था। प्रथम लाभार्थी तीन बैंक खातों से रकम करीब 250 अन्य बैंक खातों में पहुंचाई गई। इसके बाद रकम को अलग-अलग खातों, क्यूआर कोड और डिजिटल माध्यमों के जरिए घुमाकर उसके वास्तविक स्रोत को छिपाने का प्रयास किया गया। बाद में रकम को यूएसडीटी जैसी आभासी मुद्रा में बदलकर विदेश भेजे जाने के संकेत भी मिले हैं। आरोपी टेलीग्राम के विभिन्न समूहों के माध्यम से बैंक खाते, एटीएम, सिम और पासबुक की व्यवस्था करते थे। जांच के अनुसार एक बैंक खाते की किट उपलब्ध कराने के लिए 10 से 15 हजार रुपए तक दिए जाते थे। ठगी की रकम खाते में आते ही उसे दूसरे खातों या डिजिटल माध्यमों से आगे भेज दिया जाता था। बैंक से मिले लेन-देन संबंधी आईपी पतों के विश्लेषण में ठगी के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार म्यूल बैंक खातों में रकम पहुंचने के बाद सिंगापुर और हांगकांग में बैठे गिरोह के मुख्य संचालकों ने इंटरनेट बैंकिंग के जरिए इसे विभिन्न खातों में ट्रांसफर किया। इसके बाद रकम को कई स्तरों पर घुमाया गया। विदेश में बैठे मास्टरमाइंड से आरोपियों के संबंधों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार मयंक कसौटिया ने अपना बैंक खाता ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए उपलब्ध कराया और रकम निकालकर अन्य आरोपियों तक पहुंचाई। बृजमोहन द्रोण ने बैंक खातों की व्यवस्था करने, रकम आगे पहुंचाने और उसे आभासी मुद्रा में बदलने के लिए समन्वय किया। समानाराम ने आभासी मुद्रा से जुड़े लोगों से संपर्क कराने और रकम के हस्तांतरण में भूमिका निभाई। मोहित यादव भी बैंक खाते उपलब्ध करानेए रकम निकालने और आगे पहुंचाने में शामिल पाया गया। पुलिस अब ठगी की रकम किन-किन खातों में पहुंची, खातों के संचालक कौन हैं और विदेश में बैठे गिरोह के मुख्य संचालकों से आरोपियों के क्या संबंध हैं, इसकी पड़ताल कर रही है। व्हाट्सऐप चैट, कॉल डिटेल, मोबाइल से जुड़े तकनीकी रिकॉर्ड, इंटरनेट विवरण और बैंकिंग लेन-देन की पूरी धन-श्रृंखला का विश्लेषण किया जा रहा है। 250 से अधिक बैंक खातों की जांच के साथ नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

## बिसाऊ में 19 नामांकन निरस्त, 86 सही पाए गए

निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** नगर पालिका के 25 वार्डों के चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद चुनावी तस्वीर साफ होने लगी है। 106 अभ्यर्थियों ने कुल 122 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। जांच के दौरान 19 नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए, जबकि 86 अभ्यर्थियों के नामांकन सही पाए गए। निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार मीणा ने बताया कि अभ्यर्थी गुरुवार दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4 सितंबर को चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। बिसाऊ नगर पालिका क्षेत्र में कुल 19 हजार 606 मतदाता हैं। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी और इसके साथ ही वार्डवार चुनावी मुकाबला भी तय हो जाएगा।

## सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदी के पास मिला मोबाइल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** लाल कोठी थाना इलाके में स्थित सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदी के पास मोबाइल मिलने का मामला सामने आया है। जेल प्रहरी राजेश सिंह तंवर ने इस संबंध में लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया है। एसआई श्याम सुंदर ने बताया मंगलवार देर शाम को सेंट्रल जेल के वार्ड नंबर 07 की बैरक नंबर 07 में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वहां बंद विचाराधीन बंदी दिनेश राठी उर्फ अनमोल उर्फ राहुल पुत्र देवेंद्र राठी के पास से गुलाबी रंग का कैचोडा मोबाइल फोन ए-27 बरामद हुआ। एसआई ने बताया कि मोबाइल फोन के साथ उसकी बैटरी और सिम भी बरामद की गई है। मोबाइल मिलने के बाद जेल प्रशासन ने लाल कोठी थाना पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल फोन जेल के अंदर पहुंचने और उसके इस्तेमाल से जुड़ी परिस्थितियों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मोबाइल जेल के अंदर किस माध्यम से पहुंचा।

## खेतड़ी में 82 नामांकन खारिज, 216 प्रत्याशी मैदान में

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** नगरपालिका चुनाव-2026 में नामांकन पत्रों की जांच के बाद चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। कुल 335 नामांकन पत्रों में से 253 सही पाए गए, जबकि 82 नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए। इसके बाद नगरपालिका के 25 वार्डों में 216 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी सुनील कुमार चौहान ने बताया कि अधिकांश नामांकन पार्टी का अधिकृत सिंबल नहीं होने या आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी नहीं होने के कारण निरस्त हुए हैं। नामांकन निरस्त होने वालों में राजनीतिक दलों से जुड़े कुछ उम्मीदवार भी शामिल हैं। खेतड़ी नगरपालिका में भाजपा ने सभी 25 वार्डों में प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि कांग्रेस ने 20 वार्डों में उम्मीदवार खड़े किए हैं। कई वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। नामांकन जांच पूरी होने के बाद अब प्रत्याशी मतदाताओं से संपर्क करने में जुट गए हैं।

### अध्यक्ष पद महिला ओबीसी के लिए आरक्षित

खेतड़ी नगरपालिका अध्यक्ष का पद इस बार महिला ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में पार्षद पद के चुनाव के साथ अध्यक्ष पद के लिए भी राजनीतिक दलों की रणनीति पर नजर बनी हुई है। वार्डों में जीत हासिल करने वाले पार्षदों के समीकरण अध्यक्ष पद के चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे।

## नोखा निकाय चुनाव : 10 प्रत्याशियों ने नामांकन वापस लिए, आज अंतिम दिन

श्रीराम तिवाड़ी

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा निकाय चुनाव में नामांकन वापसी के अंतिम दौर के बाद चुनावी तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। नामांकन वापसी के अंतिम दिन 10 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। नामांकन वापस लेने वाले सभी प्रत्याशी निर्दलीय बताए गए हैं। चुनाव विभाग की ओर से जारी जानकारी के अनुसार नामांकन वापसी से पहले 186 प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन 10 प्रत्याशियों के नामांकन वापस लेने के बाद अब 45 वार्डों में कुल 176 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। नामांकन वापस लेने वालों में वार्ड संख्या 1 से दशरथ और रामदयाल भांभू, वार्ड 10 से ज्योति, वार्ड 11 से प्रमोद बाकोलिया, वार्ड 19 से हेतराम, वार्ड 28 से गायत्री सिंवर, वार्ड 30 से सुमन, वार्ड 33 से मुस्लिम अली, वार्ड 34 से राधेश्याम तथा वार्ड 35 से सुरशीलादेवी शामिल हैं। प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होने के बाद यह भी साफ होगा कि किस वार्ड में कितने उम्मीदवार आमने-सामने हैं और कहां मुकाबला त्रिकोणीय या बहुकोणीय है। गुरुवार को नामांकन वापसी का अंतिम दिन होने के साथ ही अब नोखा में चुनावी मुकाबले की तस्वीर पूरी तरह साफहो जाएगी । प्रत्याशी प्रचार अभियान को तेज करते हुए मतदाताओं तक पहुंचने में जुटेंगे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कल

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ढाणी बिज्यावाली स्थित शीतला माता मंदिर में श्री कृष्ण नवयुवक मंडल की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का 10वां महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। नवयुग मंडल के नरेश सैनी ने बताया कि कार्यक्रम 4 सितंबर शुक्रवार को आयोजित होगा। इस अवसर पर शाम सवा 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कैलाश यादव एवं कंचन डांसर जयपुर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। श्रीकृष्ण नवयुवक मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में शामिल होने एवं कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है।

## तीन उम्मीदवारों ने वापस लिए आवेदन

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** नगर निकाय आम चुनाव 2026 के तहत रतनगढ़ निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में बुधवार 02 सितंबर को नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान 3 उम्मीदवारों ने अपने 3 आवेदन वापस ले लिए। जिसमें वार्ड 11 से ज्योति प्रसाद निर्दलीय, वार्ड 44 से निर्मल कुमार शर्मा निर्दलीय, वार्ड 37 से परषोतम निर्दलीय ने अपने आवेदन वापस लिए। निर्वाचन अधिकारी मिथिलेश कुमार के अनुसार नाम वापसी की अंतिम तिथि आज गुरुवार 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। दोपहर 3 बजे के बाद चुनावी मैदान में डटे अंतिम प्रत्याशियों की सूची तैयार होगी, जिसके बाद 4 सितंबर को प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे।

## खेतड़ी में 5 मतदान केंद्र संवेदनशील, जातिगत और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बनी वजह

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** नगरपालिका आम चुनाव-2026 को लेकर प्रशासन ने कानून-व्यवस्था के लिहाज से खेतड़ी के पांच मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया है। इन केंद्रों पर मतदान के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा और निगरानी भी बढ़ाई जाएगी। प्रशासन ने यह सूची पुलिस थाना खेतड़ी से मिली सूचना के आधार पर तैयार की है। रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम ने नगरपालिका खेतड़ी की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में इन मतदान केंद्रों को संवेदनशील बताया गया है। प्रशासन के अनुसार इन क्षेत्रों में जातिगत बाहुल्य और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता संवेदनशीलता के प्रमुख कारण




हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों में वार्ड 1 का राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कोलिहान नगर, कमरा नंबर 2, वार्ड 4 का शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (काली मंदिर), वार्ड 7 का पुरानी बुनियादी स्कूल, कमरा नंबर 10, वार्ड 24 का स्वामी विवेकानंद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन के पीछे वाला भाग और वार्ड 25 का वायु सैनिक एकेडमी, निजामपुर मोड़, कमरा नंबर 4 शामिल हैं। प्रशासन की ओर से इन केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

पुलिस बल की तैनाती के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि मतदान के दौरान किसी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हो। अधिकारियों ने कहा कि मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने का माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों से भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई है।

## बिसाऊ में निकाय चुनाव को लेकर पुलिस की बैठक



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** नगर निकाय चुनाव को लेकर बुधवार को बिसाऊ थाने में बैठक आयोजित की गई। थाना अधिकारी उमाशंकर शर्मा की मौजूदगी में हुई बैठक में चुनाव के दौरान शहर की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव के दौरान शहर के मुख्य चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने और विशेष निगरानी करने पर जोर दिया गया। साथ ही प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। साइबर ठगी से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। लोगों से अपील की गई कि मोबाइल पर आने वाला ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करें। चुनाव के दौरान क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में पुलिस प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। इस दौरान मोहम्मद इमरान, वसीम, विष्णु चौहान, दलीप चेजारा, मोहम्मद आरिफ, कमल जोशी, नूतन सिहाग, विजय सैनी और हर्ष पोदार मौजूद रहे।

## स्पर्श अभियान के तहत विद्यार्थियों से संवाद करेंगे वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** बच्चों में सुरक्षा और जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे देशव्यापी स्पर्श अभियान के तहत आज एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्श अभियान के प्रणेता एवं प्रभारी सचिव, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नवीन जैन बड़ागांव स्थित सेठ शिवदत्त राय विद्यालय में विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। कार्यक्रम समन्वयक प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि इस सत्र में बच्चों को गुड टच-बैड टच की पहचान, अनुचित व्यवहार की



स्थिति में क्या करें, व्यक्तिगत सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और आत्मविश्वास बढ़ाने के व्यावहारिक टिप्स दिए जाएंगे। साथ ही करियर मार्गदर्शन पर भी चर्चा होगी।

### अब तक 21 लाख से अधिक लोग लाभान्वित

राज्य समन्वयक डॉ सौरभ जैन ने बताया कि 2019 में शुरू हुआ यह अभियान आज देशभर में एक जन-आंदोलन बन चुका है। अब तक देश के 7334 विद्यालयों व संस्थानों में 9459 जागरूकता सत्र आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 21 लाख से अधिक बच्चों, किशोरों, शिक्षकों और अभिभावकों को जागरूक किया गया है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य बच्चों को सुरक्षित माहौल देना और उन्हें सजग, आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

## 10 प्रत्याशियों ने वापस लिए नामांकन

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नामांकन वापसी के पहले दिन 10 अभ्यर्थियों ने निकाय चुनाव में से अपने नामांकन वापस ले लिए हैं। रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 27 में सुरेंद्र गौड़, वार्ड नंबर 11 में मोहम्मद आजाद, वार्ड नंबर 50 में विकास शर्मा, वार्ड नंबर 15 में द्रोपती, वार्ड नंबर 22 में ललिता, वार्ड नंबर 3 में सत्यनारायण, वार्ड नंबर 31 में तरुणा, वार्ड नंबर 40 में आसिफ राइन, वार्ड नंबर 26 में अशोक कुमार सोनी, वार्ड नंबर 40 में प्रीतम सांखला ने अपने नामांकन वापस लिए हैं। आपको बता दें गुरुवार को दोपहर तक नामांकन वापसी का समय तय है।

## केवी स्कूल में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह, डिम्पल और मुदित बने स्कूल कैप्ट




निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को छात्र नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य केएल मीना रहे।

समारोह में डिम्पल और मुदित को स्कूल कैप्टन चुना गया। इसके साथ ही शिवाजी, टैगोर, अशोका और रमन सदनों की छात्र परिषद का गठन किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं को उनके पद और दायित्व के अनुसार बैज प्रदान कर अलंकृत किया गया। छात्र परिषद के सदस्यों ने अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ भी ली। प्राचार्य केएल मीना ने कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और सेवा का अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा और अनुशासन बनाए रखते हुए जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। मुख्याध्यापक मनोज कुमार वर्मा ने नवचयनित छात्र परिषद के सदस्यों को विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। संचालन लोकेश कुमार ने किया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सींवा**
**पं.स. लाडनूँ ( डीडवाना-कुचामन )**

क्रमांक : 177 दिनांक:- 31-08-2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 82/2026-27**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सींवा के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तिय वर्ष 2026-27 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित सफाई संबंधित कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदायें निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB- ZNR2627A0919
UBN- ZNR2627SSOB01152



**कार्यालय ग्राम पंचायत बिरोल**
**पंचायत समिति नवलगढ़**

जिला झुन्झुनूं ( राज. )

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/53 दिनांक:- 02/09/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिरोल पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

NIB NO. ZJU2627A0698
UBN NO. ZJU2627SSRC01379

प्रशासक
ग्राम पंचायत बिरोल
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बिरोल
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# पोक्सो प्रकरण में आरोपी युवक गिरफ्तार

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ पुलिस थाने में दर्ज एक साल पुराने पोक्सो प्रकरण में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 24 वर्षीय आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी तहसील के गांव कादिया निवासी 24 वर्षीय संदीप नायक घटना के बाद से पिछले एक वर्ष से फरार चल रहा था। मामले के अनुसार 25 जुलाई 2025 को शहर के एक वार्ड की रहने वाली 19 वर्षीय युवती ने एक युवक के खिलाफ बेहोश करके ज्यादती करने, अश्लील विडियो बनाकर ब्लेकमेल कर पांच लाख रुपए मांगने का मुकदमा दर्ज करवाया था। युवती अपनी मां के साथ पुलिस थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि जनवरी 2022 में जब उसकी उम्र 16 वर्ष की थी, तो वह अपने पड़ोस में रहने वाली भाभी के घर गई। भाभी के रिश्ते में भतीजा उसके पास आया हुआ था। उस दौरान उससे आपस में बातचीत हुई और बाद में घर आ गई। दूसरे दिन वह घर पर अकेली थी, तो आरोपी उसके घर आ गया तथा उससे अश्लील हरकते करने लगा। जब विरोध किया, तो उसने मेरे मुंह पर रूमाल रख दी, जिससे वह बेहोश हो गई तथा उसने उसके साथ ज्यादती की और अपने मोबाइल से अश्लील विडियो भी बना लिया। उस विडियो को वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपए की मांग करने लगा तथा उस विडियो के सहारे तीन वर्षों से उसका शोषण कर रहा था। पुलिस ने पोक्सो व आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर की। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजने के निर्देश दिए हैं।

# श्रद्धा और उल्लास से मनाई जाएगी थदड़ी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** सिंधी समाज का पारंपरिक और आध्यात्मिक पर्व थदड़ी गुरुवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज की महिलाएं सज-धजकर झूलेलाल मंदिरों में शीतला माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य व खुशहाली की कामना करेंगी।

## नहीं जलेगा चूल्हा, लगेगा ठंडे पकवानों का भोग

परंपरा के अनुसार पर्व से एक दिन पूर्व ही घरों में सिंधी व्यंजन तैयार कर लिए जाते हैं। थदड़ी के दिन घरों में चूल्हा नहीं जलता। शीतला माता को मिठी मानी, चोपा, खोराक, टिक्की, खीरणी और सन्ना पकौड़ा जैसे पारंपरिक पकवानों का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया जाएगा। समाजबंधु तुलसी संगतानी, महेन्द्र लाला और मोहन नानकानी ने बताया कि थदड़ी केवल ठंडा भोजन करने का पर्व नहीं, बल्कि जीवन में संयम, स्वच्छता और सकारात्मकता का संदेश देता है। श्रद्धालु इस दिन क्रोध व अहंकार त्यागकर मन को शांत, मस्तिष्क को स्थिर और वाणी को मधुर बनाने की प्रार्थना करेंगे।

## निभाई जाएंगी पारंपरिक रीतियां

महिलाएं लोकगीत सावण माई सतहिं आई . . . गाकर पूजा करेंगी। अखिडियूं मानी को आंखों से लगाने, चांदी की शीतला माता धारण करने और विवाहित बेटियों के घर डिण (उपहार) भेजने की परंपरा भी निभाई जाएगी।


# दो वार्डों में भाजपा प्रत्याशी नहीं भर पाए नामांकन

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा सरकार के दो राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त बोर्ड व निगम अध्यक्ष नगरपरिषद चुनावों में सभी 60 वार्डो में चुनाव लड़ने का दावा कर चुके हैं और इस बार भाजपा ने 60 वार्डों में टिकट वितरण भी किया। लेकिन दुर्भाग्य की बात ये रही कि वार्ड नं 20 और 31 में भाजपा नामांकन तक फार्म दाखिल नहीं करवा पाई। दरअसल भाजपा का वार्ड नं. 20 से मनोज और वार्ड नं. 31 से मुकेश को टिकट दिया गया था। लेकिन समय रहते ये दोनों प्रत्याशी अपने नामांकन भी दाखिल नहीं कर पाए, जिससे भाजपा द्वारा 60 वार्डों में चुनाव लड़ने का दावा गलत साबित हो गया और भाजपा अब 58 वार्डो में चुनाव लड़ रही है, जबकि कांग्रेस ने 36 टिकटें जारी की हैं। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया से पूछने पर उन्होंने बताया कि प्रत्याशियों ने फार्म भरे थे, लेकिन हेल्प डेस्क पर चैकिंग के दौरान कुछ दस्तावेज कम पड़ गए। प्रत्याशी जब तक कागजात लेकर आए, तब तक नामांकन का समय निकल गया, जिसके चलते वार्ड 20, 31 में भाजपा की ओर से नामांकन नहीं हो पाया।

# गश्त के दौरान पुलिस की कार्रवाई, 50 लाख के डायमंड व कार जब्त

नवरतन वर्मा




**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मेगा हाइवे पर एक कार से 50 लाख से अधिक मूल्य के डायमंड व 62 हजार रुपए की नकदी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि एएसआई राजेंद्रसिंह मय जाब्ता गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि मूल्यवान वस्तु लेकर कार से दो लोग सरदारशहर की तरफ जा रहे हैं, जिस पर उन्होंने मालासर टोल के पास नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान एक कार आई, जिस पर रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की, तो वे लोग संतोषप्रद जबाब नहीं दे पाए। शंका होने पर कार की तलाशी तो उसमें एक बैग मिला, जिसमें 62 हजार रुपए नकदी एवं डायमंड जैसी मूल्यवान वस्तु मिली। डायमंड के संदर्भ में जब दस्तावेज मांगे, तो उनके पास कुछ नहीं मिला। जब इन लोगों से डायमंड का मूल्य पूछा, तो 50 लाख रुपए से अधिक के बताए। कार में सवार लोगों से जब नाम-पता पूछा तो चालक ने अपना नाम अक्षय पांचोला निवासी चांदपोल जयपुर एवं उसके साथ सवार व्यक्ति ने अपना नाम मनीष पटेल निवासी राजा पार्क जयपुर बताया। पुलिस ने आदर्श आचार संहिता की पालना में, नकदी, डायमंड एवं कार को जब्त कर लिया है।

थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि निकाय चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तेद है, तथा रात्रि गश्त, नाकाबंदी के साथ-साथ पुलिस द्वारा आमजन को भय मुक्त मतदान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

# भाजपा का नगरीय विकास संकल्प-पत्र जारी

## एक लाख आवासीय भूखंड और 15 लाख स्ट्रीट लाइट का लक्ष्य

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर भाजपा ने प्रदेश के 309 स्थानीय निकायों के सुनियोजित, आधुनिक और सर्वांगीण विकास के लिए नगरीय विकास संकल्प-पत्र 2026 जारी किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, संगठन महामंत्री अजेय कुमार, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, संकल्प-पत्र संयोजक सांसद घनश्याम तिवाड़ी, सांसद मंजू शर्मा, सह संयोजक संतोष अहलावत और सौम्या गुर्जर ने इसका विमोचन किया। मदन राठौड़ ने कहा कि संकल्प-पत्र नगरीय क्षेत्रों में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। भाजपा जो कहती है, उसे करके दिखाती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भाजपा घोषणा-पत्र नहीं, संकल्प-पत्र जारी करती है। विधानसभा चुनाव 2023 के संकल्प-पत्र के 78 फीसदी वादे सरकार ने 32 माह में पूरे किए हैं। अब नगरीय निकायों के कायाकल्प का रोडमैप तैयार किया गया है।

### सुरक्षा और यातायात पर जोर

हर निकाय क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, प्रमुख मार्गों का विकास और चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। भवन निर्माण के नक्शों की ऑनलाइन फाइलों का पारदर्शी और सरल तरीके से एक सप्ताह में निस्तारण करने का लक्ष्य रखा गया है। यातायात और पार्किंग के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास, ब्रिज, मल्टीलेवल व सामूहिक पार्किंग तथा जरूरत के अनुसार रिंग रोड विकसित किए जाएंगे।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार में प्रदेश की स्थिति खराब थी और भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण की नीतियों से निकायों का पुनर्गठन असंतुलित तरीके से हुआ। एक वार्ड में 300 तो दूसरे में 3 हजार मतदाता थे। भाजपा सरकार ने नियमानुसार पुनर्गठन किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के विरोध के बावजूद प्रदेश की 309 निकायों में एक साथ चुनाव कराए जा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि विधायकों को पांच वर्ष में 25 करोड़ रुपए का फंड मिलता था जबकि भाजपा सरकार ने 32 माह में ही विकास के लिए 28 करोड़ रुपए का फंड स्वीकृत किया है। चार लाख सरकारी नौकरियों के वादे पर उन्होंने कहा कि सरकार अब तक 1.70 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दे चुकी है और 1.25 लाख से अधिक भर्ती कैलेंडर जारी किए जा चुके हैं।

### हेरिटेज और कमजोर वर्गों पर भी फोकस

**प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के माध्यम से एससी, एसटी, पात्र ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशलिटी यूनिट, हाईराइज इमारतों में आधारभूत सुविधाएं तथा ऐतिहासिक हवेलियों, हेरिटेज स्थलों, तालाबों, धार्मिक व पर्यटन स्थलों के संरक्षण और विकास पर जोर रहेगा।**

### आवास से लेकर सफाई तक लक्ष्य

संकल्प-पत्र में अगले पांच वर्षों में विभिन्न आय वर्गों के लिए एक लाख आवासीय भूखंड, 7 लाख से अधिक घरों में पीएनजी कनेक्शन, महिलाओं के लिए 2 हजार पिंक टॉयलेट और नए व बाहरी आवासीय क्षेत्रों में 15 लाख स्ट्रीट लाइट लगाने का लक्ष्य रखा गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेवा केंद्र तथा पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स, सीएनजी ऑटो व टैक्सी चालकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ने की दिशा में काम होगा। शहरों में आधुनिक वेंडिंग जोन, पार्किंग और फूड कोर्ट विकसित किए जाएंगे। डंपिंग साइट पर वर्षों से जमा कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण, घर-घर कचरा संग्रहण वाहनों में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम तथा पांच वर्षों में 3 हजार किमी पुरानी सीवर लाइनों की मरम्मत व विस्तार किया जाएगा।

### एआई, रोबोटिक मशीन और ई-बस

खराब सड़कों व सीवर लाइनों की जांच के लिए सीसीटीवी सर्वे और सड़क खोदे बिना ट्रेंचलेस तकनीक से मरम्मत की जाएगी। सीवर सफाई के दौरान हादसे रोकने के लिए रोबोटिक 3-इन-1 क्लीनिंग मशीन और डिजिटल गैस डिटेक्टर उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा। युवाओं के लिए ई-लाइब्रेरी, रोजगार मेले और नगर निगमों में इंटर्नशिप की व्यवस्था होगी। ई-वाहनों के लिए चार्जिंग पॉइंट और बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन व सुरक्षा के लिए अभय कमांड सेंटरों को एआई तकनीक से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### ग्रीन सिटी और बेहतर सार्वजनिक परिवहन

हर निकाय में नगर वन व लवकुश वाटिकाएं विकसित कर ग्रीन बेल्ट और ग्रीन एरिया बढ़ाए जाएंगे। प्रमुख पार्कों और जलभराव वाले क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की जाएगी। प्रभावित निकायों में पेयजल व्यवस्था सुधारने और घरेलू क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की दिशा में काम होगा। विस्तारित निकाय सीमाओं में शामिल गांवों में चरणबद्ध तरीके से सीवरेज, पानी, सफाई, कचरा संग्रहण, सड़क, रोड लाइट और बिजली जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सभी नगर निगम क्षेत्रों में ई-बस सेवा शुरू करने की दिशा में कार्य होगा। जरूरत वाले निकायों में सीवरेज व्यवस्था और जलभराव का समाधान, अधिक यातायात वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई और नए बाजार विकसित किए जाएंगे।

# विधायक गोदारा ने पैदल यात्रियों की सेवा के लिए भंडारे का किया उद्घाटन

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** सर्व समाज राजलदेसर एवं सेवा समिति राजलदेसर के तत्वावधान में बाबा रामदेवजी के दर्शन के लिए जाने वाले पैदल यात्रियों की सेवा के लिए आयोजित भंडारे का रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक पूसाराम गोदारा ने बाबा रामदेवजी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की तथा भंडारे का शुभारंभ किया। उन्होंने पैदल यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए आयोजकों एवं सेवा समिति के सदस्यों की सराहना की। विधायक ने कहा कि पैदल यात्रियों की सेवा और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करना मानव सेवा का पुनीत कार्य है। धार्मिक यात्राओं के दौरान समाज के लोगों द्वारा मिल-जुलकर की जाने वाली सेवा सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि बाबा रामदेवजी के प्रति श्रद्धा और आस्था लाखों लोगों को जोड़ती है। ऐसे सेवा कार्यों में समाज की सामूहिक भागीदारी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक एवं सेवा परंपरा का प्रतीक है। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष हंसराज पारीक, कांग्रेस नगर अध्यक्ष खेमचंद बरड़िया, पूर्व नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर, चंद्रप्रकाश घिंटाला, मोहन लाल मेघवाल, इदरीश खत्री, मिर्जाराम मेघवाल, ताराचंद, मुकेश गणेश, सोनू वाल्मीकि, जितुराम मेघवाल, गजानंद खटीक, दीनदयाल खटीक सहित सर्व समाज एवं सेवा समिति राजलदेसर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# हलवाई कैटरर्स समिति के अध्यक्ष बने हनुमान गुर्जर

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर हलवाई कैटरर्स कल्याण समिति के वर्ष 2026-28 के अध्यक्ष पद के चुनाव में हनुमान गुर्जर ने जीत दर्ज की। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी रामेश्वर कसाना को 74 वोटों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद हासिल किया। जीत के बाद हनुमान गुर्जर ने अपनी सफलता का श्रेय समिति के सदस्यों, अपनी टीम और चुनाव में साथ रहे कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि समिति के प्रत्येक सदस्य की मेहनत और विश्वास का परिणाम है। गुर्जर ने कहा कि चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं ने जिस उत्साह और विश्वास के साथ उनका साथ दिया, उसी भावना से वे कार्यकाल के दौरान समिति के सदस्यों के बीच रहकर काम करेंगे। कार्यकारिणी और सदस्यों से किए गए वादों को पूरा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समिति उनके लिए परिवार की तरह है और प्रत्येक सदस्य की समस्या को अपनी समस्या मानकर उसके समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यकाल में ऐसे काम किए जाएंगे, जिन्हें लंबे समय तक याद रखा जाए। अंत में उन्होंने समिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार जताते हुए सभी के सहयोग से समिति को आगे बढ़ाने की बात कही।

# जन्माष्टमी पर निखरी जयपुर के बाजारों की रंगत

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर जयपुर में लड्डू गोपाल के श्रृंगार की तैयारियां तेज हो गई हैं। जन्मोत्सव पर कान्हा को नई और आकर्षक पोशाक पहनाने के लिए बाजार में डिजाइनर पोशाकों की मांग बढ़ गई है। मंदिरों के साथ ही घरों में विराजमान लड्डू गोपाल के लिए श्रद्धालु अपनी पसंद के रंग, डिजाइन और आकार की पोशाकें खरीद रहे हैं। खासतौर पर जरी, जरदोजी, मोती, नग, शीशे और स्टोन से सजी पोशाकें श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। जन्माष्टमी के लिए तैयार की जा रही पोशाकों में पारंपरिक कारीगरी के साथ आधुनिक डिजाइन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। पोशाक के साथ मुकुट, बांसुरी, कंठी, हार और अन्य श्रृंगार सामग्री भी उपलब्ध है। छोटे लड्डू गोपाल से लेकर बड़े विग्रहों के लिए अलग-अलग आकार की पोशाकें तैयार की जा रही हैं। कारीगर पहले पोशाक का डिजाइन और स्केच तैयार करते हैं। इसके बाद कपड़े पर कढ़ाई, जरी और जरदोजी का बारीक काम किया जाता है। कई पोशाकों पर मोती और स्टोन की सजावट हाथ से की जाती है। डिजाइन और कारीगरी के आधार पर एक पोशाक तैयार करने में कई दिन लग जाते हैं। जयपुर के बाजारों में जन्माष्टमी से पहले पोशाकों की विभिन्न रेंज उपलब्ध हैं। साधारण पोशाक से लेकर भारी कढ़ाई और विशेष डिजाइन वाली पोशाकों की कीमत अलग-अलग है। श्रद्धालु अपने आराध्य के लिए पसंदीदा रंग और डिजाइन की पोशाक चुन रहे हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर राजधानी जयपुर में उत्सव का उल्लास दिखाई देने लगा है। मंदिरों में विशेष सजावट हो चुकी हे। बुधवार से रोशनी भी शुरू हो गई। वहीं घर-घर में लड्डू गोपाल के जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। अपने आराध्य बालगोपाल को लाड़-प्यार से सजाने और उनकी सेवा करने का भक्तिभाव बाजारों में भी नजर आ रहा है। परकोटे के प्रमुख बाजारों से लेकर मानसरोवर, मालवीय नगर, विद्याधर नगर, मुरलीपुरा सहित शहर के विभिन्न इलाकों में मुकुट, बांसुरी, झूले और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बढ़ गई है। कान्हा के नख-शिख श्रृंगार के लिए श्रद्धालु थ्री-डी मुकुट, रत्नजड़ित चंद्रिका, कुंदन के कंगन, मोरपंख, नक्काशीदार बांसुरी और अन्य श्रृंगार सामग्री भी खरीद रहे हैं। कान्हा को सजाने के लिए विशेष वाटरप्रूफ मेकअप, चंदन, केसर के उबटन, फेशियल किट और सुगंधित इत्र तक बाजार में उपलब्ध हैं। दुकानदारों का कहना है कि बालगोपाल के श्रृंगार में अब पारंपरिक सामग्री के साथ आधुनिक डिजाइन वाली सामग्री की मांग भी बढ़ रही है।

कान्हा को झुलाने के लिए मयूर आकृति वाले झूले और नक्काशीदार शीशम के पालने भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहे हैं। कई परिवार जन्माष्टमी के दिन घर में लड्डू गोपाल के लिए विशेष झूला और सिंहासन सजाने की तैयारी कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार श्रृंगार सामग्री की कीमत करीब 50 रुपए से शुरू होकर डिजाइन और गुणवत्ता के अनुसार हजारों रुपए तक पहुंच रही है। जन्माष्टमी के लिए भगवान श्रीकृष्ण की छोटी-बड़ी मूर्तियों की भी मांग बढ़ गई है। श्रद्धालु घर में स्थापना के लिए अपनी पसंद और बजट के अनुसार कान्हा की मूर्तियां खरीद रहे हैं।

# 30 सितंबर तक प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों का होगा सिक्योरिटी ऑडिट : डीजीपी

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए राजस्थान पुलिस ने व्यापक कार्ययोजना तैयार करने की कवायद शुरू की है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस मुख्यालय में पुलिस और पर्यटन विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें पर्यटन स्थलों की सुरक्षा, यातायात, पर्यटक सहायता बल, पर्यटन थाने, सीसीटीवी, सहायता बूथ और आकस्मिक चिकित्सा सुविधा सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। डीजीपी ने 30 सितंबर तक प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों का सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए।

आमेर में हुए सुरक्षा ऑडिट की तर्ज पर कमियां चिह्नित कर उन्हें दूर करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल मेलों या विशेष आयोजनों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पूरे वर्ष पर्यटकों की आवाजाही को देखते हुए स्थायी व्यवस्था विकसित हो। वहीं खाटूश्यामजी, सालासर बालाजी सहित ऐसे धार्मिक स्थलों पर जहां हर सप्ताह बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, वहां वीकेंड और सामान्य दिनों में भीड़ के अनुरूप पुलिस व टीएएफ तैनात करने के निर्देश दिए गए। लॉन्ग वीकेंड और प्रमुख मेलों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाने को कहा गया। खाटूश्यामजी, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी, रामदेवरा, गोगामेड़ी, पुष्कर, श्रीनाथद्वारा और सांवरियाजी में पुलिस, प्रशासन और देवस्थान विभाग को समन्वय से भीड़ प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने टीएएफ को मजबूत करने और उसकी प्रभावी मौजूदगी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। प्रमुख स्थानों पर पुलिस नियंत्रण कक्ष के नंबर, 112 हेल्पलाइन, राजकॉप सिटीजन एप सहित उपयोगी जानकारी प्रदर्शित करने वाली स्टेंडी लगाने और प्रशिक्षित कार्मिकों के साथ सहायता बूथ स्थापित करने को कहा गया। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन की तर्ज पर एयरपोर्ट पर भी पोस्टर, बैनर, स्टेंडी और एलईडी के माध्यम से पर्यटकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से समन्वय करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पर्यटक सहायता बूथों पर विभिन्न भाषाओं में पर्यटन स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराने और पर्यटन स्थलों पर बहुभाषी साइन बोर्ड लगाने को कहा गया। विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण ले चुके युवाओं को लैंग्वेज एक्सपर्ट के रूप में सेवाएं देने का सुझाव दिया गया। अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्थानीय कैमरों को निगरानी तंत्र से जोड़ने, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा, महिला पर्यटकों के लिए महिला पुलिसकर्मियों और जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित गाइड उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। सवाईमाधोपुर और जैसलमेर में पर्यटन थाने स्थापित करने के प्रस्तावों का फॉलोअप करने के निर्देश दिए गए।

डीजीपी ने पर्यटन थानों की संख्या बढ़ाने, पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराने और पर्यटन क्षेत्र की जरूरत के अनुरूप पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। आमेर के सुरक्षा ऑडिट और केस स्टडी में सामने आई व्यवस्थाओं को अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी लागू करने के निर्देश दिए गए। डीजीपी ने कहा कि सुरक्षा के साथ स्वच्छता, बेहतर सड़क, पार्किंग, व्यवस्थित आवागमन और यातायात व्यवस्था भी पर्यटक अनुभव का हिस्सा हैं। जयपुर में देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए हेरिटेज वॉक विकसित करने पर भी चर्चा हुई। इससे पर्यटकों को शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से परिचित कराया जाएगा। डीजी ट्रैफिक मालिनी अग्रवाल ने पर्यटन स्थलों पर पुलिस की ओर से उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड ने विभाग की अनुपालना रिपोर्ट और सुविधाओं की जानकारी देते हुए डीओआईटी के माध्यम से तैयार विशेष एप जल्द लॉन्च किए जाने की बात कही। डीजीपी ने इसे राजकॉप सिटीजन एप और पैनिक बटन से इंटीग्रेट कराने के निर्देश दिए। पूर्व निर्देशों की पालना में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट को नियमित पेट्रोलिंग के दौरान टूरिस्ट साइट्स भी कवर करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी विजिलेंस वंदिता राणा ने गोवा, तिरुमला सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों के भ्रमण से मिली बेस्ट प्रैक्टिसेज पर प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वीके सिंह, नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा सहित पर्यटन विभाग, आरटीडीसी, आमेर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण, नगर निगम और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# ठेकेदार परिवार सदस्यों के नामांकन खारिज करने की मांग

अमित प्रजापत

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर के कुछ लोगों ने उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन देकर ठेकेदार परिवारिक सदस्यों के चुनावी नामांकन खारिज किए जाने की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि निकाय चुनाव में काफी सारे ऐसे प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं, जो पीडबल्यूडी व नगरपरिषद के ठेकेदार परिवार से जुड़े हुए हैं। नियमों के मुताबिक ठेकेदार या ठेकेदार परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए चुनावी नामांकन को खारिज किया जावे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190